

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-204 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### प्रशांत ठाकुर सूरजपुर के नये एसपी

**सूरजपुर,22 अक्टूबर।** सरगुजा संभाग में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या मामले को लेकर साय सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। राज्यसरकार ने सूरजपुर के एसपी एमआर अहीरे




को हटा दिया है। उनकी जगह अब प्रशांत कुमार ठाकुर को जिला पुलिस की कमान सौंपीगई है। इस संबंध में गृह विभाग ने देर रात आदेश जारी कर दिया है। दरअसल 13 अक्टबूर को प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और उसकी मासूम बेटी का बड़ी बेहरमी के साथ कत्ल कर दिया गया।कत्ल का आरोप कुलदीप साहू नाम के शख्स पर है। पुलिस ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू, आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी, फूल सिंह उर्फरिंकू सिंह, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके चौधरी और सूरज साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

### अमित शाह जी, मुझे भारत में रहने दीजिए: तसलीमा

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गृह मंत्री अमित शाह से मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि उनका भारतीय रेजिडेंस परमिट जुलाई में एक्सपायर हो गया है और गृह-मंत्रालय उसे रिन्यू नहीं कर रहा है। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उन्हें भारत में रहने देने की गुहार लगाई। बांग्लादेशी लेखिका 2011 से लगातार भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका सोशल मीडिया एक्स पर लिका- अमित शाह जी, नमस्कार. मैं भारत में रहती हूं क्योंकि मैं इस महान देश से प्यार करती हूं। पिछले 20 वर्षों से यह मेरा दूसरा घर रहा है। लेकिन गृह मंत्रालय 22 जुलाई से मेरे रेजिडेंस परमिट को बढ़ा नहीं रहा है. मैं बहुत चिंतित हूं। अगर आप मुझे यहां रहने देंगे तो मैं आपकी बहुत आभारी रहूंगी।

### बस पलटने से 10 यात्री घायल

**गरियाबंद,22 अक्टूबर।** घने कोहरे की वजह से आज सुबह देवभोग से रायपुर जा रही यात्री बस नेशनल हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में 10 यात्रियों को चोट आई है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है.

जानकारी के अनुसार, महेश बस सर्विस की बस देवभोग से रायपुर आ रही थी. रास्ते में घने कोहरे की वजह से पथरी नाला के पास मोड़ पर बस पलट गई. हादसे के वक्त बस में 20 यात्री सवार थे, जिनमें से 10 यात्रियों को चोट आई है. दुर्घटना में दो यात्रियों का पैर टूट गया है. नजदीक में कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने की वजह से तमाम घायलों को मैनपुर लाया जा रहा है. घटना की सूचना मिलने के बाद इंदागांव पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है.

### युकां जिलाध्यक्ष के चाचा को गोली मारने वाले 24 घंटे में गिरफ्तार

**बलरामपुर,22 अक्टूबर।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के चाचा को गोली मारने की घटना में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामला जमीन विवाद से जुड़ा है, जिसमें तीन आरोपियों में से स्थानीय निवासी है, वहीं एक आरोपी झारखंड का रहने वाला है.

बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तीन आरोपी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि पिस्टल उपलब्ध कराने वाले आरोपी को झारखंड के डाल्टनगंज से गिरफ्तार किया गया है. जमीन विवाद की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई. उन्होंने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है.

## समंदर में बढ़ी हिन्दुस्तान की ताकत

### भारत ने चौथी परमाणु पनडुब्बी की लॉन्च

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** भारत की शक्तियों का समुद्र में और इजाफा हो गया . समुद्र में अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम विशाखापत्तनम में शिप बिल्डिंग सेंटर में अपनी चौथी परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी को लॉन्च किया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16 अक्टूबर को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में इसका उद्घाटन किया, जिसमें 75त्न भाग भारत में बनाया गया था. इसका कोडनेम एस4 है और 300 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है. भारतीय नौसेना की योजना में यह बहुत महत्वपूर्ण है. 16 अक्टूबर को चौथा एसएसबीएन का कोड एस4 लॉन्च हुआ. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके एक दिन पहले तेलंगाना के विकाराबाद जिले के दामागुंडम में भारतीय नौसेना की रणनीतिक एसेट्स की कमान, नियंत्रण और संचार के लिए एक न्यूनतम फ्रीक्वेंसी नेवल स्टेशन का उद्घाटन किया था. केंद्र सरकार



ने चीन जैसे शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफपनडुब्बी पर विशेष ध्यान दिया है, इसलिए उसने भारतीय नौसेना को तीसरे विमानवाहक पोत से अधिक परमाणु हमले और बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को प्राथमिकता दी है. सरकार ने इस साल दिसंबर में चालू होने वाली कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर के साथ पारंपरिक पनडुब्बी की क्षमता को भी बढ़ा दिया है.

## बहराइच हिंसा के आरोपियों के घर नहीं चलेगा बुलडोजर

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर एकबार योगी सरकार के बुलडोजर ऐक्शन पर रोक लगा दी है। मंगलवार को बहराइच हिंसा में शामिल तीन आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त करने की उत्तर प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर कल तक के लिए रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई अब बुधवार को होगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा, ÷आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि उत्तर प्रदेश सरकार इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहती है तो यह उनकी मर्जी है।÷ सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जल निकायों पर अतिक्रमण से जुड़े मामलों को छोड़कर देश भर में बिना अनुमति के बुलडोजर ऐक्शन पर रोक लगा दी है। बीते एक अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने सरकारी अधिकारियों द्वारा गैरकानूनी बुलडोजर विध्वंस को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच में अपना फैसला सुरक्षित रखा। पिछले हफ्ते लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर बहराइच जिले के एक गांव में सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों को ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया। आपको बता दें कि इस हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की गोली



लगने से मौत हो गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि संपत्तियां 10-70 साल पुरानी हैं और आरोप लगाया कि प्रस्तावित विध्वंस कार्रवाई दंडात्मक है। उन्होंने कहा कि सरकार का अनधिकृत निर्माण का दावा केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानने का एक बहाना है। मंगलवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि आवेदक के पिता और भाई में से एक ने आत्मसमर्पण कर दिया था। कथित तौर पर 17 अक्टूबर को नोटिस जारी किए गए थे और 18 अक्टूबर की शाम को चिपकाए गए थे। वकील सीयू सिंह ने कहा, ÷आपके आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। पीडब्ल्यूडी ने तीन दिनों के भीतर विध्वंस के लिए नोटिस जारी किए हैं।÷ इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी मामले की सुनवाई हुई। होईकोर्ट ने ध्वस्तीकरण पर किसी तरह की रोक तो नहीं लगाई लेकिन ध्वस्तीकरण नोटिस से प्रभावित लोगों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया था। लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता सैय्यद अकरम आजाद ने बताया कि याचिका दाखिल करने वालों में अब्दुल हमीद की बेटी, दिल्ली की संस्था एसओसीएसएम फॉर प्रोटेक्शन ऑफसिविल राइट है, जो राष्ट्रीय स्तर पर काम करती है।

## सरकार बनने के बाद से बदल गये अब्दुल्ला पिता-पुत्र के तेवर

**श्रीनगर,22 अक्टूबर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद से नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के सुर बदल गये हैं। चुनाव प्रचार के दौरान अब्दुल्लाओं ने 370 की बहाली कराने को जोरशोर से मुद्दा बनाया लेकिन सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा तक नहीं हुई। वहीं चुनावों के दौरान पाकिस्तान से वार्ता की वकालत करते रहे फारूक अब्दुल्ला अब कह रहे हैं कि जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं हो सकती। जहां तक उमर अब्दुल्ला की बात है तो आपको बता दें कि चुनावों के दौरान वह कहते रहे थे कि दिल्ली साजिशों में व्यस्त है लेकिन अब वह कह रहे हैं कि वह दिल्ली के साथ काम करना चाहते हैं और दिल्ली को भरोसे में लेकर काम करेंगे। यही नहीं, उनकी कैबिनेट ने जो पहला प्रस्ताव पास किया उसमें अनुच्छेद 370 के बारे में कुछ नहीं कहा गया बल्कि सिर्फ जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की माँग की गयी। दूसरी ओर, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा है कि अगर इस्लामाबाद भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना चाहता है तो उसे यहां आतंकवादी घटनाएं रोकनी होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं हो सकती। अब्दुल्ला ने रविवार को गांदरबल जिले में



एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकवादी हमले पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''मुझे नहीं पता कि भारत को क्या कदम उठाना चाहिए, यह केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। यह हमारे लिए एक समस्या है और हम इसे वर्षों से झेल रहे हैं। मैं इसे 30 वर्ष से देख रहा हूं। मैंने उन्हें कई बार कहा है कि वे इसे रोकें लेकिन उनकी सोच ही ऐसी है।'' उन्होंने कहा, ''बातचीत कैसे हो सकती है? आप हमारे निर्दोष लोगों को मारते हैं और फिर बातचीत के लिए कहते हैं। पहले हत्याएं करना बंद करो।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने इस हमले को दर्दनाक घटना बताते हुए कहा कि इसमें यहां आजीविका कमाने आए गरीब लोग मारे गए। अब्दुल्ला ने कहा, ''यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। गरीब मजदूर यहां आजीविका के लिए आते हैं ताकि वे अपने परिवारों का पेट भर सकें। इन दरिंदों ने उनकी हत्या कर दी। उनके साथ मारे गए लोगों में हमारा एक चिकित्सक भी था। उसने भी अपनी जान गंवा दी।'' अब्दुल्ला ने कहा कि यदि आतंकवादी सोचते हैं कि वे इस तरह के कृत्यों से जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी हुकूमत स्थापित कर लेंगे तो यह उनकी गलतफहमी है। नेकां अध्यक्ष ने कहा, ''इन दरिंदों को क्या मिलेगा? क्या वे सोचते हैं कि वे यहां पाकिस्तान स्थापित करेंगे? हम कई वर्षों से देख रहे हैं कि वे (आतंकवादी) वहां से आ रहे हैं। हम इस समस्या को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम अपनी मुश्किलों से बाहर आ सकें। मैं पाकिस्तान के शासकों से कहना चाहता हूं कि अगर वे वास्तव में भारत के साथ दोस्ती चाहते हैं तो उन्हें यह बंद कर देना चाहिए। कश्मीर, पाकिस्तान (का हिस्सा) नहीं बनेगा।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को कश्मीर के लोगों को शांति और सम्मान से रहने देना चाहिए तथा उसे अपने देश के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### 'छक्कों की नई मशीन', 25 छक्के, 23 चौके

## 23 साल के बैटर की पावर हिटिंग देख दुनिया हैरान!

**बेंगलुरु,22 अक्टूबर।** कर्नाटक के युवा ओपनर मैकनील नोरोन्हा ने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में तिहरा शतक ठोक सभी का दिल जीता. खास बात ये है कि इस पारी में उन्होंने 150 रन सिर्फ छक्कों की मदद से बनाए. क्रिकेट जगत में अभिषेक शर्मा, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा भारतीय बल्लेबाज अपनी तूफानी बैटिंग से सभी को चौंका रहे हैं. इस बीच 23 साल के बल्लेबाज ने कुछ ऐसा कर दिखाया, जिससे दुनिया हैरान है. घरेलू क्रिकेट में यह खिलाड़ी गेंदबाजों के लिए काल बना हुआ है, जिसने बल्ले से रनों की बारिश करके यह साबित कर दिया कि वो फ्यूचर में कुछ बड़ा करने वाला है. इस खिलाड़ी का नाम मैकनील नोरोन्हा है, जिन्होंने सीके नायडू ट्रॉफी में ट्रिपल सेंचुरी ठोक सुर्खियां बटोरी हैं. दरअसल, सीके नायडू ट्रॉफी में कर्नाटक की टीम त्रिपुरा के खिलाफ खेल रही है. यह मुकाबला 20 अक्टूबर से शुरू हुआ. कर्नाटक के लिए मैकनील ने 348 गेंदों पर 345 रनों की तूफानी पारी



खेली, जिसमें उन्होंने 25 छक्के और 23 चौके लगाए. उन्होंने 99.14 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए छक्कों से 150 रन बना डाले. उनकी इस धमाकेदार पारी की बदौलत कर्नाटक ने 5 विकेट पर 580 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की. कर्नाटक मैकनील की पारी के बाद, कर्नाटक के गेंदबाज शशि कुमार ने त्रिपुरा की बल्लेबाजी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया. शशि ने 10 ओवर में सिर्फ 20 रन देकर 7 विकेट झटके और त्रिपुरा को 104 रन पर ढेर कर दिया. दूसरी पारी में त्रिपुरा 40 रनों पर 1 विकेट खो चुकी है. अब कर्नाटक की टीम बड़ी जीत की तरफ अग्रसर है. इस साल की शुरुआत में मैकनील ने महाराजा टी20 ट्रॉफी में मैंगलोर ड्रैगन्स के लिए खेला था. हालांकि, वहां वह बल्ले से ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे. उन्होंने 9 पारियों में 19.62 की औसत से 157 रन बनाए थे, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 43 रन था. इसके साथ ही उन्होंने 5 विकेट भी चटकाए थे. वो एक ऑलराउंडर हैं.

## मंदिर से लौट रहे जीजा-साले की सड़क हादसे में मौत

**बिलासपुर,22 अक्टूबर।** रतनपुर के करैहापारा में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब जीजा-साले बाइक पर मंदिर दर्शन के बाद घर लौट रहे थे। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। रतनपुर के करैहापारा में रहने वाले बृजभान प्रधान(40) कपड़े की दुकान में काम करते थे। उनकी बहन गंगा प्रधान की शादी मध्य प्रदेश के जैतपुर अंतर्गत रुपउला में रहने वाले दिलीप सिंह(26) से चार साल पहले हुई थी। गंगा कुछ दिन पहले मायके आई थी। रविवार को करवा चौथ पर उसने अपने पति दिलीप को रतनपुर आने के लिए कहा। इस पर दिलीप शनिवार को रतनपुर आ गए। सोमवार की सुबह वे बृजभान अपने बहनोई दिलीप को मां महामाया के दर्शन कराने लेकर गए। दोनों दर्शन के बाद घर लौट रहे थे। तुलजा भवानी मंदिर के पास करैहापारा की ओर मुड़ते समय तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार जीजा साले की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना बृजभान के स्वजन को दी। इसके बाद शव चीरघर भेज दिया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि ट्रक का चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। उसने सड़क पार कर रहे जीजा साले को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर ने कुछ आगे जाकर ट्रक रोका। इसके बाद वाहन छोड़कर भाग निकला। इधर पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर ड्राइवर की जानकारी जुटाई जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि गंगा और दिलीप की एक बच्ची है। गंगा अपने पति को करवा चौथ पर पूजा के लिए मायके बुलाई थी।

## आईएएस अफसर के खिलाफ हिन्दू संगठनों ने उठाई आवाज

**भोपाल,22 अक्टूबर।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शैलबाला मार्टिन द्वारा सोशल मीडिया पर मंदिरों में लगाए गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के कारण ध्वनि प्रदूषण पर सवाल उठाने के बाद मध्य प्रदेश में विवाद खड़ा हो गया है। धार्मिक समूहों ने अधिकारी के खिलाफविरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। पिछले सप्ताह भोपाल में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान 13 वर्षीय एक लड़के की मौत के बाद पब्लिक एड्रेस सिस्टम के कारण ध्वनि प्रदूषण पर बहस शुरू हुई थी। लड़का डीजे की धुन पर नाच रहा था और अचानक बेहोश हो गया और शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मध्य प्रदेश पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। वहीं इस घटना ने भी इस मुद्दे पर बहस शुरू कर दी है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा यह कहे जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है कि मंदिरों में लाउडस्पीकर के कारण होने वाले ध्वनि प्रदूषण को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस पर दक्षिणपंथी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। शैलबाला मार्टिन, जो वर्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं, ने कहा कि सभी को धार्मिक दृष्टिकोण से परे ध्वनि प्रदूषण के बारे में निष्पक्ष रूप से सोचना चाहिए। आईएएस अधिकारी ने यह टिप्पणी पिछले सप्ताह दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान लाउडस्पीकर से बज रहे डीजे संगीत पर नाच रहे 13 वर्षीय लड़के की मौत के बाद सोशल मीडिया पर चल रही बहस के बीच की। एक्स पर एक पत्रकार ने मस्जिदों में सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों पर कार्रवाई को उजागर करते हुए प्रवर्तन में असमानता पर सवाल उठाया। पत्रकार की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए शैलबाला मार्टिन ने ट्वीट किया, ÷मंदिरों में लाउडस्पीकरों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण, जिसे कई सड़कों से सुना जा सकता है और देर रात तक जारी रहता है, अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि शपथ लेने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जारी किए गए आदेशों में सभी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने और डीजे पर प्रतिबंध लगाना शामिल था। उनके ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई, जिसमें कुछ उपयोगकर्ताओं ने उनके रुख का समर्थन किया जबकि अन्य ने इस मुद्दे को उठाने के लिए उनकी आलोचना की।

## विधायक देवेंद्र यादव को जेल में मनानी होगी दीपावली

**रायपुर,22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार आगजनी और हिंसा केस में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव की सोमवार को सुनवाई हुई, कोर्ट ने उनकी रिमांड अवधि 4 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी है। दीपावली में देवेंद्र यादव जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे। बार-बार रिमाड की अवधि बढ़ने से इस बार उनकी दीपावली जेल में ही मनेगी। दरअसल बलौदाबाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त से जेल में बंद है। विधायक देवेंद्र यादव उनकी गिरफ्तारी को आज 66 दिन हो चुके हैं। इसके बाद भी उन्हें कोर्ट से राहत नहीं मिली है। विधायक देवेंद्र यादव की सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बलौदाबाजार के सीजेएम कोर्ट में पेश हुए। पुलिस ने कोर्ट से देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने उनकी न्यायिक रिमांड 4 नवंबर तक बढ़ा दी है। देवेंद्र यादव के वकील अनादि शंकर मिश्रा ने बताया कि, पुलिस ने 4 नवंबर तक रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। जिस पर हमने आपत्ति जताई। हमने कहा कि, गिरफ्तारी को आज की तारीख में पूरे 66 दिन हो चुके हैं। इतनी

## ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए 900 बीट पर होगी शीतकालीन पेट्रोलिंग

**बिलासपुर,22 अक्टूबर।** ठंड में ट्रेनों के परिचालन में आने वाली दिक्कतों को लेकर रेलवे तैयारी पूरी कर ली है। इस बार जोन के 900 बीट पर शीतकालीन पैट्रोलिंग कराई जाएगी। एक बीट दो किलोमीटर का होता है। इसमें दो पैट्रोलिंग कर्मचारी ट्रैकमेन व कीमैन तैनात रहेंगे। वह प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक चार बार सर्चिंग करेंगे। प्रत्येक पैट्रोलिंग दल को प्रतिदिन 16 किलोमीटर चलकर लाइन का परीक्षण करना होगा। इसके साथ ही पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर भी दिया जाएगा, जिससे पैट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से संपर्क किया जा सकता है। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में तो पेट्रोलिंग शुरू भी हो गई है। जिससे की ट्रेनों का परिचालन बाधित न हो। सर्दियों के मौसम में आमतौर पर रेल परिचालन कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में कोहरे के साथ ही रेल फ्रैक्चर की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ठंड में रेल लाइन की देखभाल करते हुए रेल यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित बनाने में बड़ी जिम्मेदारी ट्रैकमैन की होती है।

## साय ने किया बीजेपी की जीत का दावा

**रायपुर,22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा में 13 नवंबर को उपचुनाव होने को हैं. भाजपा की तरफसे इस बार पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाया गया है. वहीं कांग्रेस ने अब तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है. जबकि अन्य 3 निर्दलीय प्रत्याशी उपचुनाव लड़ने के लिए नामांकर फॉर्म चुके हैं. इस उपचुनाव को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा लगातार भाजपा पार्टी का रहा है. बृजमोहन अग्रवाल विधायक रहे हैं. 2023 के विधानसभा चुनाव में 65 हजार से ज्यादा मतों से जीते हैं. अब उपचुनाव में पूर्व सांसद सुनील सोनी वहां से जीतेंगे. वहीं कांग्रेस प्रत्याशियों को टिकट नहीं मिलने पर सीएम साय ने कहा कि वे उनका मामला है, हम विपक्ष को मजबूत मानकर ही काम कर रहे हैं. बता दें, छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरकार बनाई, जिसमें बीजेपी के दिग्गज नेता बृजमोहन अग्रवाल ने रिकॉर्डतोड़ मतों से 8वीं बार रायपुर दक्षिण जीत दर्ज की



थी. वे साय केबिनेट में शिक्षा एवं संस्कृति विभाग के मंत्री बने. इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने रायपुर सीट से जीत हासिल की और अब वे रायपुर लोकसभा सांसद बन गए. सांसद चुने जाने के बाद अब रायपुर दक्षिण विधानसभा की जनता अपना विधायक चुनने वाली है. इस उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा काफी कॉन्फिडेंट नजर आ रही है, हालांकि कांग्रेस भी उपचुनाव के लिए रणनीति तैयार करने लगातार बैठकें कर रही है. लेकिन जनता किसे जनादेश देगी, यह तो उपचुनाव के बाद ही पता चल सकेगा.

## सूरजपुर काण्ड,घटना के दिन एसपी को हटा देना था: अजय

**रायपुर,22 अक्टूबर।** सूरजपुर हत्याकांड मामले में आज सरकार ने सूरजपुर एसपी एम. आर. अहिरे को हटाकर पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर भेज दिया गया है. इस पर पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि उन्हें पहले ही हटाया जाना चाहिए था. उन्होंने कहा, ÷जिस प्रशासन में पूर्वानुमान और इंटेलिजेंस की कमी हो, उन्हें जिले का दायित्व नहीं संभालना चाहिए.÷ कांग्रेस की तरफसे प्रदेश में हो रहे अपराधों को लेकर कहा गया कि ÷विजय शर्मा के विधायक बनने के बाद घटनाएं बढ़ी हैं÷. अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के इस बयान का पलटवार करते हुए कहा कि यहां सूरजपुर, बलौदा बाजार, में गंभीर अपराध हुए. दाढ़ी में तिनका तो कांग्रेस के ही दिख रही हैं. कांग्रेस को अपनी दाढ़ी थोड़ी साफ करनी चाहिए. अपराधियों के साथ कांग्रेस के फोटोज को फ्रेम करना चाहिए. वहीं उन्होंने चंद्राकर ने कांग्रेस की चुनावी स्थिति पर तंज करते हुए कहा, ÷कांग्रेस पूरे देश में केवल वायनाड से चुनाव लड़ रही है. भूपेश बघेल और राहुल गांधी को चुनाव की गंभीरता का आभास तब होगा जब वे वायनाड से फ्री हो जाएँगे. विधायक ने



सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक के महत्व पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय अंचल के विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, जैसे जगदलपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण.

## जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका

**जबलपुर,22 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया के स्न6 में भीषण बम ब्लास्ट हुआ है। जिसमे एक दर्जन के करीब कर्मचारी गंभीर रूप घायल हुए हैं। दो लोगो के मौत की भी सूचना आ रही है। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। घायलों को खमरिया अस्पताल में भर्ती किया गया है। फैक्ट्री प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ब्लास्ट फैक्ट्री के एफ6 सेक्शन के बिल्डिंग नंबर 200 में हुआ है। आयुध निर्माणी खमरिया की जीएम सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। हालांकि अधिकारी अभी मीडिया से कुछ भी जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। सूचना पर कैंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी घायलों को देखने के लिए आयुध निर्माणी, खमरिया स्थित अस्पताल पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार, जबलपुर की सुरक्षा संस्थान आयुध निर्माण खमरिया में मंगलवार सुबह भीषण ब्लास्ट



हो गया। जिसमें दो लोगो के मौत की सूचना है। वहीं एक दर्जन के करीब कर्मचारी झुलस गए हैं। तीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बम फिलिंग के दौरान यह हुआ धमाका हुआ है। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री के एफ6 सेक्शन में बम फिलिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज पांच किलोमीटर तक सुनाई दी। घटना के बाद घायल कर्मचारियों को ओएफके अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत वाले कर्मचारी रणधीर, श्यामलाल और चंदन को निजी अस्पताल रेफर किया गया। ब्लास्ट कैसे और किसकी लापरवाही की वजह से हुआ,इसकी जांच शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक वार्ड 6 निवासी गौतम राम यादव ने शिकायत किया है कि वे ग्राम सलोनी जिला राजनांदगांव में कृषि कार्य करता है और धमधा में परिवार के साथ अपने ससुराल में निवास करता है मकान में ताला जड़कर सास को कुम्हारी जाने के लिये बस बैठाया अपनी पत्नी मंजूला यादव, बच्चो को लेकर कार से ग्राम सलोनी चला गया। 20 अक्टूबर की दोपहर फोन आया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले।

### बुलेट चोरी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई . 3 थाना क्षेत्र पूर्व डिलीवरी ब्वाय ने शौक पूरा करने के लिए एक व्यक्ति के घर अंदर पोर्च में खड़ी बुलेट चोरी कर ले गया। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुरानी भिलाई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का आरीए टूटा हुआ तालाए मोबाइल एवं वाहन उसके घर से बरामद किया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि लुमानंद नेताम 40 वर्षद्ध निवासी आदर्श नगर बीएमवाय चरोदा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 13 अक्टूबर को बुलेट को रात्रि में ड्यूटी कर घर अंदर पोर्च में खड़ी कर मेनगेट में ताला लगा खड़ी किया था अगले दिन सुबह करीब 6ण्30 बजे उठा तो बुलेट गायब थी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली गयी विवेचना के दौरान घटना स्थल के आस. पास लगे सीसीटीवी फुटेज व पेट्रोल पंप का सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। एक संदेही की पहचान आदर्श नगर चरोदा का ही रहने वाला विशाल पाल उर्फ मोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर आरोपी पूर्व में डिलीवरी ब्वाय का काम करना बताया। प्रार्थी ने बताया कि उसका चोरी गए वाहन की चाबी कहीं गुम हो गयी थी जो आरोपी घर के गेट के समाने पड़ा मिला था।

### नशे की दवाई सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** नेवई डेम के पास नशे की दवाइयों के साथ दो आरोपियों को नेवई पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8ए 21 ;सीद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि संकल्प अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध के तहत लगातार अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को मुखबीर से सूचना मिली कि नेवई डेम इमली पेड़ के नीचे दो व्यक्ति मोटर साइकिल में 2 नग कपड़े के थैले में नशीली गोली विक्रय करने के लिये रखा है। पुलिस मौके पर पहुंचाए जहां दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा तो उसे घेराबंदी कर अमन निषाद ;20 वर्षद्ध निवासी शिव पारा स्टेशन मरोदाए हुकेश कुमार उर्फ हुक्कु ;25 वर्षद्ध निवासी स्टेशन मरोदा बजरंग पारा थाना नेवई का बताया। तलाशी लेने पर हुकेश उर्फ हुक्कु साहू के कब्जे से दो नग कपड़े के थैला में 1504 नग कैप्सूल एवं अमन निषाद के कब्जे से मोटर साइकिल एवं कैप्सूल विक्रय रकम 200 रू नगद जब्त किया ।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए की जा रही हैं तैयारी

**दुर्ग, 22 अक्टूबर ।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के 26 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित आई.आई.टी. भिलाई आगमन को ध्यान में रखते हुए आज संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर, आईजी श्री आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी श्री जितेन्द्र शुक्ला ने अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ आई.आई.टी. भिलाई कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड आदि की तैयारियों का जायजा लिये। साथ ही आई.आई.टी. के अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी ली।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम दुर्ग, नगर निगम आयुक्त भिलाई, ई-पीडब्ल्यूडी, ई-पीडब्ल्यूडी (ई-एम), आरटीओ, सीएमएचओ, बीएसपी भिलाई के कार्यपालिक निर्देशक, एएसपी, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर, सिविल सर्जन, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# समारोह में राज्यपाल ने स्वच्छता वीरों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** राज्यपाल रमेन डेका कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों को महात्मा गांधी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मलित हुए।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल डेका ने कहा कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में सफाई का महत्व बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे की मेहनत को हम अक्सर नज़र अंदाज़ कर देते हैं। जो कठिन परिश्रम आप करते हैं, वह हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, हमारे स्वास्थ्य और जीवन स्तर को भी बेहतर करता है। आप सब वास्तव में 'स्वच्छता वीर' हैं, क्योंकि आप अपनी सेवाओं से हमें स्वस्थ जीवन जीने का आधार देते हैं। राज्यपाल ने गांधी जी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वच्छता, स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसी विचार को लेकर हमारा देश स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने के लिए उनकी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। मोदी जी ने इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाया। स्वच्छता ही सेवा अभियान जैसे कार्यक्रम से लोगों को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। स्वच्छता अभियान में आप सभी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आप सभी ने इस जिम्मेदारी को जिस कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है, वह सराहनीय है। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ किये गए अभियान आज समाज को दिशा देने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि आज समाज के सभी वर्ग स्वच्छता के महत्व को समझने लगे हैं। पांडेय ने लोगों से स्वच्छता के इस अभियान को आगे भी जारी रखने का आव्हान किया। उन्होंने आज सम्मानित स्वच्छता वीरों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक रिकेश सेन ने सम्मान समारोह आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी और स्वच्छता वीर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नरसिंह राजभर स्वच्छता वीर सम्मान से सम्मानित



भिलाई, 22 अक्टूबर । कला मंदिर, सिविक सेंटर में सोमवार 21 अक्टूबर को आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता वीरों को सम्मानित किया। इस अवसर थोक एवं चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर को सम्मानित किया गया। नरसिंह ने अपने सम्मान के प्रति धन्यवाद देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर वे लोगों को जागरूक करने का सिलसिला जारी रखेंगे।

# झूठ की राजनीति करना बंद करें भूपेश बघेल:अशोक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** जिले के ग्राम लोहारिडीह की घटना पर कांग्रेस पार्टी व उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनैतिक बयान और प्रदर्शन के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा झूठ की बुनियाद पर खड़ा होकर राजनीती करना बंद करें भूपेश बघेल. झूठी बात कहना और उसे सच बताना भूपेश बघेल की पुरानी आदत है . अपराधियों को सरक्षण देने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मूह से न्याय जैसे शब्द भी अशोभनीय लगने लगते है . कवर्धा में अपराधियों को सरक्षण देकर मो अकबर ने कवर्धा को अशांत करने की कोशिश की जिसका जवाब जनता ने मो अकबर व उनके आका भूपेश बघेल को विधानसभा व लोकसभा में दे दिया है . लोहारिडीह की दुर्भाग्य पूर्ण घटना पर फिर एकबार भूपेश बघेल कवर्धा का माहौल ख़राब कराना चाह रहे है यह स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है .। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार है जिसमे विजय शर्मा जी जैसे संवेदनशील गृहमंत्री है जो बहुत ही संवेदनशीलता से ग्राम वासियों के बीच वार्तास्थापित कर गाँव में जनजीवन सामान्य हो सके .पीड़ित पक्षों को कानूनन न्याय मिल सके इस दिशा में प्रयत्नशील है वही दूसरी ओर मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी व भूपेश बघेल झूठ बोलकर ,नाबालिग बच्चो के कंधे पर चढ़कर राजनीती करने की असफल कोशिश कर रहें है जिसकी जितनी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा प्रेस वार्ता के माध्यम से मै बताना चाहता हूँ भूपेश बघेल झूठे बोल नहीं बोलते झूठे सीडी भी बनवाने में माहिर है जनता इन्हें अच्छे से जानती है 15 साल बाद जनता ने इनके उपर भरोसा किया लेकिन इनकी फितर में है झूठ ,भ्रस्टाचार आराजकता और अपराधियों का को सरक्षण देना है . लोहारीडीह के ग्रामीणों के स्पस्ट कह देने के बाद की हमे राजनीती नही शांति और सुकून चाहिए इनका इस तरह का प्रदर्शन बेमानी है जनता कांग्रेस को जान गई तभी तो 5 साल में ही बाहर का रास्ता दिखा दी . अपनी हरकतों से बाज नहीं आयेंगे तो जनता अगले 15 साल और इन्हें सरकार से दूर रखेगी . झूठी राजनीती के दम पर कवर्धा के शांत माहौल में जहर घोलने का प्रयाश न करें भूपेश बघेल . विष्णुदेव सरकार में गृह मंत्री विजय शर्मा है के राज में कानून का राज चलेगा अपराधियों को छोड़ा नहीं जायेगा निरपराध लोगो पर किसी भी प्रकार से अन्याय नहीं होगा 7 प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल साहू महामंत्री संतोष पटेल,क्रान्ति गुप्ता,नितेश अग्रवाल, श्रीकान्त उपाध्याय उपस्थित रहे।

### सेल-बीएसपी ने किया वेंडर्स मीट का आयोजन




**भिलाई, 22 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग ने 19 अक्टूबर को भिलाई निवास में एक दिवसीय वेंडर्स मीट कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती उपस्थित थे तथा संयुक्त निदेशक (एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, रायपुर) राजीव एस. नायर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी.के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक बी.के. बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक टी.के. कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक के.सी. मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक ए.के. मिश्रा तथा महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सत्यब्रत कर समेत सामग्री प्रबंधन विभाग तथा संयंत्र के अन्य विभागों के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्र एवं अनुभाग के स्थानांतरण की जानकारी संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध

**दुर्ग, 22 अक्टूबर ।** मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत दुर्ग जिले के प्रेषित किए गए प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा के मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन आयोग के निर्देशानुसार उपाबंध-ङ्क्ष्द्ध में किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नये मतदान केन्द्र एवं अनुभाग के स्थानांतरण संबंधी जानकारी संबंधित कार्यालय/स्थानीय निकायों के नोटिस बोर्ड, पंचायत भवन आदि में निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराने एवं मतदान केन्द्र में किये गये संशोधन का सभी संबंधित/राजनीतिक दल/जनता के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करना



कवर्धा। झंडी गांव के रूपेश साहू ने कवर्धा वासियों को हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक

### बीएलओ कार्य में लापरवाही बरतने पर जय कुमार निलंबित

**दुर्ग, 22 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए श्री जय कुमार साहू, भृत्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामनगर सुपेला, भिलाई को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। ज्ञात हो कि श्री जय कुमार साहू, भृत्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामनगर सुपेला, भिलाई एवं बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 87 विधानसभा 66 वैशाली नगर द्वारा बीएलओ कार्य के संपादन में कोताही बरतने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 66 वैशाली नगर के द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के परिपेक्ष्य में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

# प्रदेश में खराब कानून व्यवस्था को लेकर गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा कांग्रेसियों ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** लोहारीडीह मे हुई घटना के पीड़ितों को न्याय दिलाने और जेल में बंद निर्दोष लोगों की तत्काल रिहाई सहित प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने कवर्धा में आज बड़ा प्रदर्शन किया है.। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत कांग्रेस पार्टी के विधायको की उपस्थिति मे हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के कार्यालय का घेराव करने आंदोलन किया । घेराव करने के लिए निकले कांग्रेसी दों बैरिकेड तोड़कर आगे बढे जिसके बाद नेताओं द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा । कांग्रेस के घेराव को देखते हुए प्रशासन द्वारा तीन बड़े बेरीकेट्स बनाये गए थे जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दों बेरीकेट्स तोड़ दिए गए एवं तीसरे बेरीकेट्स के सामने जोरदार प्रदर्शन किया है.। कार्यक्रम मे शामिल होने पहुचे भूपेश बघेल ने कहा की प्रदेश मे क़ानून व्यवस्था चरमरा गयी है, गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले मे हो रहे आपराधिक घटनाएं इस बात का प्रमाण है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है । जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सीमा अनंत , युवा कांग्रेसी रवि चंद्रवंशी , कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू और उपाध्यक्ष चोवा साहू और हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए ।

# नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगाने हेतु कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के व मुख्य आरोपी को दुर्ग पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है आरोपी सिद्धार्थ कोरी एवं उसके अन्य साथी द्वारा प्रार्थी को पीडब्लूडी विभाग का फर्जी/कूटरचित नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र देकर ठगा गया था आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रूपये लिए थे भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी अजय कुमार पटेल पिता चिन्तामणी पटेल उम्र 31 वर्ष पता क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर 04 भिलाई ने 9 अप्रैल 2024 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिताजी चिन्तामणी पटेल जो कि भिलाई इस्पात सयंत्र में नौकरी करते है, जिसके साथ रामकुमार कोरी भी बतौर सहकर्मी कार्य करता था, आरोपी रामकुमार कोरी संयत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हो गया। पूर्व परिचय के दौरान चिन्तामणी पटेल को आरोपी रामकुमार कोरी द्वारा बताया गया कि उसका लड़का सिद्धार्थ कोरी जो कि पी.डब्लू.डी. विभाग में नौकरी करता है, उसकी वहॉ अच्छी पकड़ है तुम्हारे बेटे अजय पटेल को भी नौकरी लगवा देगा, जिसके लिए रूपये पैसा देना पड़ेगा। इसी क्रम में सिद्धार्थ कोरी के द्वारा अभिजीत विश्वकर्मा नामक व्यक्ति को पी.डब्लू.डी. विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर प्रार्थी के घर मे जाकर मुलाकात की। पी.डब्लू.डी. विभाग से संबधित फार्म भरवाया गया और नौकरी लगाने के नाम पर 10,00,000/- रूपये अक्षरी दस लाख रूपये की मॉग किया गया। जिसके उपरांत प्रार्थी के पिताजी चिन्तामणी पटेल द्वारा अपने एस.बी.आई. बैंक चेक के माध्यम से 5,00,000/- रूपये अक्षरी पॉच लाख रूपये एवं नगद रकम अलग अलग किस्तो में 5,00,000/- रूपये अक्षरी पॉच लाख रूपये रामकुमार कोरी एवं सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा को दिया गया। सिद्धार्थ कोरी और अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा पी.डब्लू.डी. विभाग का अजय कुमार पटेल के नाम का नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र दिया गया। प्रार्थी के द्वारा नियुक्ती पत्र के संबध में जानकारी करने पर पता चला कि नियुक्ती पत्र फर्जी है। रामकुमार कोरी एवं सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा एक राय होकर प्रार्थी अजय कुमार पटेल को नौकरी लगाने के नाम पर छल एवं बेईमानी पूर्वक रकम लेकर धोखाधड़ी किया गया है जो आरोपीगणों का कृत्य धारा 420, 419, 468, 468, 471, 34 भादवि का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर पूर्व में अन्य आरोपी रामकुमार एवं अभिजीत विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। प्रकरण का मुख्य सिद्धार्थ कोरी अपने गिरफ्तारी के डर से समय समय पर अपना निवास पता को बदल रहा था, आरोपी के अमलेश्वर क्षेत्र में निवासरत होने की जानकारी मिलने पर संभावित स्थान में पुलिस टीम के दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है नाम आरोपी सिद्धार्थ कोरी पिता रामकुमार कोरी उम्र 32 वर्ष पता प्लॉट नंबर 156/11, सड़क 19, प्रगति नगर रिसाली थाना नेवई जिला दुर्ग।

# बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने बनाया नया कीर्तिमान



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस- ब्लास्ट फर्नेस 8, जिसे महामाया के नाम से भी जाना जाता है, ने समूचे सेल में सबसे तेजी से 16 मिलियन टन हॉट मेटल के संचयी उत्पादन को पार कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। 20 अक्टूबर को 16 एमटी संचयी उत्पादन के मील के पत्थर को पार कर ब्लास्ट फर्नेस 8 ने, सेल में समान क्षमता वाले फर्नेस में सबसे तेज 15 एमटी से 16 एमटी का सफर पूरा कर लिया है। ज्ञात हो कि ब्लास्ट फर्नेस 8 ने 15 मिलियन टन का मील का पत्थर 9 जून 2024 को पार किया था7 बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 8 ने 15 मिलियन टन से 16 मिलियन टन तक का सफर 133 दिनों में पूरा किया है जबकि 15 मिलियन टन से 16 मिलियन टन तक की यह यात्रा राउरकेला इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस द्वारा 151 दिनों में पूरी की गई वहीं 15 मिलियन से 16 टन मिलियन टन की यात्रा को पूरा करने में इस्को इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को 153 दिन लगे। ब्लास्ट फर्नेस 8 बीएसपी का आधुनिक ब्लास्ट फर्नेस है जो उन्नत स्वचालन एवं नियंत्रण प्रणाली से लैश है। 2 फरवरी 2018 को प्रज्वलित होने के बाद से ब्लास्ट फर्नेस 8 के 16 मिलियन टन तक पहुंचने में कुल संचयी दिनों की संख्या 2452 दिन है, जबकि राउरकेला इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को इसके चालू होने के बाद से 16 मिलियन टन को पार करने में 2544 दिन लगे थे तथा इस्को इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस को चालू होने के बाद से 16 मिलियन टन के कीर्तिमान को पार करने में 2856 दिन लगे थे। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार समेत संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्लास्ट फर्नेस की टीम एवं समस्त सदस्यों व सहयोगी शॉप्स और विभागों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# स्वदेशी मेला में महिलाएं,छात्राएं खरीदारी के लिए पहुंच रहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** स्वदेशी मेला में हजारों की भीड़ शाम को पहुंच रही है और खासकर महिलाएं और छात्राएं श्रृंगार के समान खरीदती हुए दिखी । कालेज की छात्रा रश्मि साहू , प्रीति कौशिक , सुषमा कौशिक ,नीलिमा कुंभकार ,भारती चंद्रवंशी , चित्र रेखा कौशिक ने बताया की बहुत अच्छा लग रहा है और .नेकलेश , ईयर रिंग खरीदे है आरती कौशिक ,चंचल कौशिक वीरू धुर्वे , सुनीता धुर्वे ने भी स्वदेशी मेला की तारीफ की । इकराम खान और फरहीन खान ने वस्त्र खरीदा और ईयर रिंग , चूड़ियां खरीदी और बोले कि बहुत अच्छा आयोजन किया गया है और स्वदेशी मेला देखने वालो के चेहरे में मुस्कराहट दिखी । जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, बिजनेसमैन अतुल देशलहरा , शहर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ओर हरितिमा टीम के सदस्य पन्नालाल चंद्रवंशी स्वदेशी मेला में कार्यक्रम को देखने में व्यस्त दिखे और युवा बीजेपी नेता श्रीकांत उपाध्याय बच्चों के साथ स्वदेशी मेला घूमने पहुंचे ।



### बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी हैं तैयार का समापन

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सिंटर प्लांट के कर्मियों की धर्मपत्नियों हेतु हम भी है तैयार विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 19 अक्टूबर को किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता तथा विशेष अतिथि के रूप में महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार एवं महाप्रबंधक संजीव वर्गीस उपस्थित थे।

संपादकीय

# परिवार की पार्टी और पार्टी के परिवार

हमारे देश की राजनीति में परिवारवाद को एक बुराई की तरह देखा जाता है। फिर भी परिवारवाद बरसों से है और बरसों रहेगा क्योंकि जनता उसे स्वीकार करती है,भले ही स्वीकार करने के कई कारण हो सकते हैं।स्वीकार करने का एक कारण तो यह हो सकता है कि देश के ज्यादातर बड़े राजनीतिक दल किसी न किसी नेता है, उस नेता के बाद वह राजनीतिक दल उस नेता के परिवार का हो जाता है। परिवारवाद का सबसे पुराना उदाहरण तो कांग्रेस हैं, जिसमें पार्टी परिवार की चौथी पीढ़ी की है। जब भी देश में कहा जाता है कि परिवार की पार्टी तो सबसे पहले कांग्रेस का नाम ही लोगों को याद आता है। क्योंकि इस पार्टी में होता वही है जो परिवार चाहता है। इसके अलावा कई ऐसे राजनीतिक परिवार है जिनकी पार्टी उनके परिवार की पार्टी है जैसे सपा मुलायम परिवार की पार्टी,राजद लालू परिवार की पार्टी, जेएमएम सोरेन परिवार की पार्टी,टीएमसी ममता परिवार की पार्टी, बसपा मायावती परिवार की पार्टी,द्रमुक स्टालिन परिवार की पार्टी,अकाली दल बादल परिवार की पार्टी, हरियाणा में चौटाला परिवार की पार्टी, राकांपा शरद पवार परिवार की पार्टी, शिवसेना उध्दव परिवा की पार्टी। पीएम मोदी जब परिवारवाद कहते हैं तो उनका मतलब इन्ही राजनीतिक दलों से होता है जो किसी परिवार के होते हैं। पीएम मोदी जब परिवारवाद का विरोध करते हैं, उनका आशय ऐसे ही तमाम दलों से होता है। जिन पर एक परिवार का कब्जा होता है, जिसका अध्यक्ष परिवार का होगा, परिवार ही सारे फैसले करेगा, परिवार के लोगों को ज्यादा टिकट दिया जाएगा, चुनाव जीतने पर सीएम परिवार को होगा। परिवार के ज्यादा लोग सरकार में होंगे। पार्टी के पदाधिकारियों का कोई चुनाव नहीं होगा, सब परिवार मनोनीत करेगा।राजनीति में असली परिवारवाद यही है, इसके अलावा हर पार्टी में कई राजनीतिक परिवार होते हैं। जिन्हें पार्टी के परिवार कहा जाता है, कोई भी चुनाव जीतने व जितवाने में इन राजनीतिक परिवारों की भी अहम भूमिका होती है, इसलिए बरसों किसी क्षेत्र में कुछ परिवारों का दलों के लिए बड़ा महत्व होता है, इसलिए कई राजनीतिक दल ऐसे परिवार के एक से ज्यादा सदस्यों को चुनाव में टिकट देते हैं ताकि वह उस क्षेत्र में ज्यादा सीटें जीत सकें। इसकी शुरुआत भी कांग्रेस ने ही की है। पहले राजघराने हुआ करते थे, उनका किसी क्षेत्र में बड़ा प्रभाव हुआ करता था, कांग्रेस ने उस क्षेत्र में चुनाव जीतने के लिए राजघराने के लोगों को चुनाव में टिकट दिया। हर चुनाव में टिकट दिया। इससे कांग्रेस में कुछ परिवारों का भी राजनीतिक महत्व बना। अब राजे महाराजे तो नहीं रहे लेकिन कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं जिनकी दूसरी या तीसरी पीढी राजनीति में सक्रिय है। अब दूसरे दलों में कई ऐसे नेता है जिनकी दूसरी या तीसरी पीढ़ी राजनीति में सक्रिय है, कुछ लोग इसे भी परिवारवाद को बढ़ावा देना कहते हैं। इसे परिवारवाद माना नहीं जाना चाहिए क्योंकि पार्टी इन परिवारों की नहीं होती है,पार्टी वही नहीं करती है जो यह परिवार चाहते हैं, यह किसी भी पार्टी के भीतर होते हैं। इनके परिवार के लोगों को टिकट देना है या नहीं देना है इसका फैसला पार्टी करती है। किसी राजनीतिक परिवार के दो या तीन लोगों को चुनाव देने का फैसला तो पार्टी करती है इसलिए इसे परिवारवाद नहीं माना जाता है। भाजपा ने अभी महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दोनों जगह पुराने भाजपा या दूसरे दलों से आए नेताओं के बेटे,बेटी,बहु,पत्नी आदि को टिकट दिया गया है।यही नहीं पिता को टिकट दिया गया है तो पुत्र को भी टिकट दिया गया है। एक परिवार से दो लोगों को टिकट दोनों राज्यों में भाजपा ने दिया. कांग्रेस सहित विपक्ष इस बात के लिए भाजपा की आलोचना कर सकता है कि पीएम मोदी तो बाहर परिवारवाद का विरोध करते हैं, लेकिन अपनी पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे है। भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं है, इसका अध्यक्ष किसी परिवार का नहीं है, इसलिए यह तो कहा नहीं जा सकता कि दूसरी परिवारवादी पार्टियों की तरह भी भाजपा भी परिवारवादी पार्टी है। यह सच है कि जिस तरह दूसरे दलों में पाटी के भीतर कई राजनीतिक परिवार होते हैं, जिनकी पार्टी को किसी क्षेत्र में चुनाव जिताने में अहम भूमिका होती है, ऐसे राजनीतिक परिवार भाजपा में भी है या बाहर से आए हैं। चुनाव जीतने की रणनीति के लिए उनके परिवार के दो दो लोगों को टिकट दिया गया है। इसका मकसद पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा देना नहीं है, इसका मकसद तो पार्टी की जीत तय करना है, अगर परिवार के लोग किसी चुनाव में हार जाते हैं तो हो सकता है कि अगले चुनाव में उस परिवार के व्यक्ति को पार्टी टिकट ही न दें। पीएम मोदी में लोकसभा साफ कर दिया था किसी परिवार से राजनीति मे चार लोग आते हैं, चुनाव लड़ते हैं तो यह परिवारवाद नहीं है। जब पार्टी ही किसी परिवार की है,अध्यक्ष परिवार का है, सीएम परिवार को हो, सीएम का पुत्र सीएम हो तो यह परिवारवाद है। पीएम मोदी परिवारवाद के खिलाफ हैं लेकिन राजनीति में परिवार के कई सदस्यों के आने के खिलाफ नहीं है, वह तो चाहते हैं कि गैरराजनीतिक परिवारों से भी लोग आगे आएं ताकि राजनीति में परिवारों का महत्व कम किया जा सके।

भावांजलि... डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# विद्यार्थियों को मोती-माणिक्य बांटने वाली मोहबे मैडम का यूं चले जाना... !

काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाए ,
हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाए ,
यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है ,
जिंदगी जियो इस कदर कि मिसाल बन जाए ।



किताबों के आलिंगन के साथ कक्षा की ओर बढ़ते कदमों का अचानक थम जाना विद्यार्थी जगत के लिए किसी सदमे से कम नहीं है । बिना क्लास लिए भोजन का न पचना उस समर्पित प्रतिमूर्ति का रोज का जीवन चक्र था । आज जब हमने ऐसी ही सेवा और समर्पण की उस देवी को खो दिया है जिसकी जिव्हा से वीणा पाणी मां के स्वर फूटा करते थे , तब कैसे न कहूं कि यह छात्र जगत की सबसे बड़ी 'ट्रै' है ! आज श्रद्धासुमन के रूप में कुछ शब्द ऐसी ही हस्ती के लिए लिखना चाहता हूं जिसका पूरा जीवन पुस्तक , कलम , लेक्चर , सवाल और न जाने विद्यार्थी हित के कितने कार्यों में बीता । शिक्षा जगत में राजनांदगांव साहित्य नगरी को साकार करने वाली रसायन शास्त्र की प्रकांड विदुषी डॉ . हेमलता मोहबे आज हमसे दूर किसी और दुनिया में जा बसी हैं । शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्रा सुश्री हेमलता मोहबे से डॉ. हेमलता मोहबे तक के साफ - सुथरे , बेदाग किरदार की स्वर्णिम शैक्षिक यात्रा के हर पड़ाव को मैं आज अपने चेतन और अचेतन मन में अनुभव कर पा रहा हूं । दिवंगत पुण्य आत्मा डॉ . हेमलता मोहबे ने आजीवन एक मनीषी के आदर्श को अपने मानवीय जीवन का मूलमंत्र माना और निः स्वार्थ सेवा की बड़ी पहचान बन गई । मैं अपने आप को बड़ा भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे उनका सानिध्य मिला और ऐसा मिला कि वह लंबे समय तक मेरी स्मृति तथा हृदय में मंडित रहेगा । यह जानकर मेरे पाठकों को अचरज हो सकता है कि मैं साइंस का स्टूडेंट नहीं था ,बावजूद इसके मोहबे मैडम का स्नेह मुझे प्राप्त होता रहा ।

उच्च शिक्षा के लिए समर्पित डॉक्टर हेमलता मोहबे एक ऐसा नाम है जिसका उच्चारण जिव्हा पर आते ही वह ऐसे गुंजायमान होने लगता है जैसे पहाड़ों पर टकराकर उनका नाम उनके शिक्षा के योगदानों का स - स्वर पाठ कर रहा हो । जहां तक मेरी जानकारी है उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अपने विद्यार्थियों की रसायन शास्त्र की उलझनों को सुलझाने में ऐसे व्यतीत किया मानो ईश्वर ने उन्हें इसी काम के लिए इस दुनिया में भेजा हो । एक और बात जो मैने उनके व्यक्तित्व में पाया वह मैंने लिए जीवन का एक पाठ हो सकती है । मैने अनेक बार देखा कि उम्र के उस पड़ाव पर जहां सामान्यतः महिलाएं आराम की जरूरत महसूस करती हैं , मोहबे मैडम ने उस वक्त को भी मां अन्नपूर्णा की भूमिका निभाकर बिताया ।जी ! हां ! शायद उन्हें इसी में संतोष मिलता था कि अपने हाथों से अपने से छोटे पारिवारिक सदस्यों को भोजन बनाकर परोसें और अपनी थकान को दूर कर लें ।जिस दिन उन्होंने हम सबसे चुपके से बिदाई का मन बनाया, उस दिन भी सभी को भोजन कराने के उपरांत खुद भोजन ग्रहण किया और फिर चिर निद्रा में लीन हो गईं ! मैंने खुद उनसे रसायन शास्त्र की शिक्षा ग्रहण नहीं की हैं ,किंतु उनके अनन्य शिष्य इस बात जिक्र करते नहीं थकते कि रसायन शास्त्र के कठिन से कठिन सूत्र मैडम मोहबे की जुबान से व्याख्या सहित ऐसे बाहर आते थे जैसे वे विद्यार्थियों पर उनकी बरसाती फुहार कर रही हों । आज जब मैं उन्हें स्मृति में रखते हुए उनकी ज्ञान की अविरल गंगा में डुबकी लगा रहा हूं ,तो मेरे हृदय में कहीं न कहीं इस बात की टीस है कि मैं उनका विद्यार्थी क्यों न बन सका ?

परिस्थिति चाहे जैसी भी हो अपने शिष्यों सहित महाविद्यालय में साथ काम करने वालों के साथ मृदु वाणी में वार्तालाप करने वाली मोहबे मैडम को मैने अपने जीवन में कभी गुस्से के स्वरूप में नहीं देखा ! अध्ययन - अध्यापन के क्षेत्र में उनसे दूर - दूर तक नाता न रखने के बावजूद उनका मुझ पर स्नेह उसी तरह बना रहा , मानो मैं उनका ही विद्यार्थी हूं ! यह उनकी सहजता का सबसे बड़ा गुण माना जा सकता है । मैने उन्हें कक्षाओं में पढ़ाते हुए देखा है । वह चाहे दिग्विजय कॉलेज का क्लासरूम हो या फिर उनका निज निवास । जब वे विद्यार्थियों को विषय सामग्री समझाया करती थीं तब ऐसा लगता था जैसे स्वयं मां सरस्वती प्रकट होकर डॉ . हेमलता मोहबे का प्रतिनिधित्व कर रही हों ! उनकी निः स्वार्थ सेवा के दर्शन भी मैने किए हैं । जब वे सहायक प्राध्यापक के रूप में पदस्थ थीं । निजी रूप से उनके पास पढ़ने वालों की लाइन लगी होती थी । मजाल है कभी मैडम ने किसी विद्यार्थी को ट्यूशन फीस लाने के लिए कहा हो , या इसके अभाव में ट्यूशन क्लास में आने से मना किया हो ! इसके अलावा भी उनका एक और मानवीय चेहरा भी मेरे सामने आया । गरीब बच्चों की कॉलेज फीस और विषय की पुस्तकें वे इस तरह उन्हें दिया करती थीं कि सीधे हाथ से किए गए मानवीय सेवा की जानकारी उनके बाएं हाथ को भी नहीं हुआ करती थी ! डॉक्टर हेमलता मोहबे की सहजता के एक नहीं अनेक अवसर मेरी नजरों के सामने चल - चित्र की भांति तैर रहे हैं । स्थानीय वेसलियन स्कूल में उनकी भतीजी सुरभि एवं भतीजा सौरभ पढ़ा करते थे । मैं वहां शिक्षक था । उस वक्त मोहबे मैडम प्राचार्य नहीं हुई थीं । अवसर विज्ञान प्रदर्शनी का हो या फिर बाल दिवस के मेले का या फिर वार्षिकोत्सव का आयोजन हो वह कभी यह इंतजार नहीं करती थीं कि उन्हें मुख्य अतिथि या अध्यक्षता की आसंदी पर आमंत्रित किया जाएगा । वे स्व- स्फूर्त वेसलियन स्कूल को अपना स्कूल मानते हुए आयोजनों में पहुंच जाया करती थीं ! स्वागत सत्कार के साथ ही चर्चा के दौरान वे कहा करती थीं मै इस स्कूल में खुद को मेहमान के तौर पर नहीं देखना चाहती । यहां मेरे बच्चों ने शिक्षा पाई है ,भला मैं इसे अपना स्कूल क्यों न मानूं ? क्या यह उनकी सहजता का प्रतीक नहीं ? शिक्षा जगत का इतना बड़ा नाम आज ₹ नहीं रहे ₹ की सूची में शामिल हो जाए तो इससे बड़ा दुर्भाग्य हमारे लिए और क्या हो सकता है ? नहीं रहे , निधन , देहावसान जैसे शब्द दुःख की गहरी काली छाया मन पर छोड़ जाते हैं और हम बेबस सोचते रह जाते हैं कि काश अपनी प्रतिभा का कुछ और हिस्सा वे हमें दे जाते ! काश वे फिर लौट आते ! जहां तक डॉ. हेमलता मोहबे की प्रतिभा की बात की जाए , इसे उनके ऐसे विद्यार्थी बेहतरी के साथ बयां कर सकते हैं जिन्होंने उनके मार्गदर्शन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनाया है । डेढ़ दर्जन या उससे भी अधिक लोगों को डॉक्टर लिखने का गौरव दिलाने वाली डॉ. हेमलता मोहबे ने कभी अपने स्कॉलर्स को यह अहसास तक नहीं होने दिया कि उनकी एक कलम स्वार्थ पूर्ति न होने पर सब कुछ मटियामेट कर सकती है । पूरे पारिवारिक वातावरण में केमिस्ट्री जैसे विषय में पीएचडी जैसी तपस्या मोहबे मैडम के लिए वरदान स्वरूप मां सरस्वती ने उन्हें प्रदान कर रखी थीं । एक नहीं अनेक शोध पत्रों का राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के ख्यातिनाम विश्व विद्यालयों में वाचन उनकी रसायन विज्ञान के प्रति पूजा का परिचायक ही कहा जा सकता है । डॉ. मोहबे ने अपने ज्ञान के महासागर से चुन - चुनकर असली मोती और माणिक्य अपने शिष्यों को प्रदान कर यह संदेश भी दिया है कि ज्ञान का दान जीवन का सबसे महान और पुण्य कार्य है , जितना हो सके इसे बांटते रहना चाहिए । मुझे उम्मीद है रसायन शास्त्र की महान विदुषी की कार्यप्रणाली को उनके शिष्यों द्वारा अविस्मरणीय बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा । उनके संदेशों को आत्मसात करना एवं विषय के प्रति ईमानदारी के साथ सेवा भाव बनाए रखना ही मोहबे मैडम के लिए सच्ची पुष्पांजलि हो सकती है ।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से बेहतर रहने वाला है। आपको अपनी कमाई के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी लाभ की योजनाएं फलीभूत होंगी। किसी काम की यदि शुरूआत करने जा रहे हैं, तो उसमें आप अपने पिताजी से सलाह अवश्य करें। भाई-बहन आपके कामों में पूरा साथ देंगे। यदि आप किसी बात को लेकर बेवजह परेशान चल रहे हैं, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए वैवाहिक जीवन में खुशियां लेकर आने वाला है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको अपने किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो आपका वह काम पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी यदि कोई समस्या लंबे समय से चल रही थी, तो वह दूर हो सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना रहेगी। आप कामों को लेकर व्यस्त रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।। यदि आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिले, तो आप उसमें धैर्य बनाए रखें। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। अविवाहित जातकों की प्रेमी से मुलाकात हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अक्समात लाभ मिलने से धन तो प्राप्त होगा, लेकिन आपके विरोधी भी इसके साथ-साथ उत्पन्न होंगे, जिनसे आपको बचने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर भरोसा करना आपको नुकसान देगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है, लेकिन आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यदि किसी बात को लेकर मन में संशय बना हुआ है, तो आप उसमें बिल्कुल ना पड़े और कोई बड़ा निवेश आप किसी एक्सपर्ट की निगरानी में रहकर ही करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी सेहत में कुछ गिरावट होने से आपको समस्या सकती है। आपके किसी काम में गड़बड़ी होने से आप परेशान रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप संतान के भविष्य को लेकर कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते है, उन्हे अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। आप कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें, क्योंकि आपको उसे करने में समस्या आएगी। आप अपनी धन संबंधित योजनाओं पर पूरा ध्यान दें। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोग कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आज आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से अपनी ओर आकर्षित करेंगे। आपकी वाणी आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आपको अपने पिताजी की सेहत को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। आपकी किसी से कहासुनी होने की संभावना है। इसलिए आप बहुत ही सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ प्रेम भरपूर रहेगा। परिवार का कोई सदस्य किसी पुरस्कार को लेकर आ सकता है, जिसकी आपको उम्मीद भी नहीं थी। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। जो लोग रोजगार की तलाश कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपका कोई धन सम्मिलित काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। यदि आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपनी कीमतों की सुरक्षा अवश्य करें। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। पारिवारिक समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपनी माताजी से संबंध को बेहतर करने का मौका मिलेगा। आपकी कमाई के स्त्रोत बढ़ने से आपको खुशी होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज न करें, क्योंकि आपके ऊपर काम का अधिक बोझ रहने के कारण काम का प्रेशर भरपूर रहेगा। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको किसी सहयोगी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा करना होगा।

मीन- आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनकी अपने साथी से खूब पटेगी और जीवन खुशनुमा रहेगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। आप छोटे बच्चों के साथ भी खेल करने में काफी समय व्यतीत करेंगे। आपका मन खुश रहेगा, क्योंकि संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को किसी डील को फाइनल थोड़ा सोच समझकर करने की आवश्यकता है, क्योंकि उसमें कुछ भी गड़बड़ी हो सकती हैं।

# किसानों की जिंदगी बेहतर करने का फंडा-किसानों द्वारा 5 रुपए में बेची सब्जी बाजार में 50 रुपए कैसे बिकती है ?

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर हर देश में किसान का महत्वपूर्ण दर्जा होता है,क्योंकि वह जीवन यापन करने के लिए अति महत्वपूर्ण खाद्यान्न को कड़ी मेहनत कर बीज रोपण से लेकर मंडी तक बिकवाली के लिए लाने तक अपना पूरा खून पसीना एक कर देता है,परंतु आश्चर्य व खेद की बात है कि उसे उतनी मेहनत की तुलना में मेंहनताना नहीं मिल पाता,इसलिए ही वह एमएसपी के लिए जद्दोजद व आंदोलन पर उतारू हो जाता है। हालांकि भारत सहित हर देश में किसानों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, व उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश की जाती है।भारत में तोअन्नदाता के लिए कई स्कीमें योजनाएं व उन्हें सुविधा सरकारें देती रहती है परंतु लाख टके की एक बात मैं कहना चाहता हूं कि जिस बागवानी फसल या सब्जियों के लिए किसानों को मात्र 5 या 10 रूपए मिलते हैं वह चिल्लर मार्केट में 70 से 80 रुपए तक कैसे बिकता है,बड़ा सोचनीय प्रश्न है यही बात दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को हमारे केंद्रीय कृषि मंत्री जो हमारी राइस सिटी गोंदिया के सगे जवाई राजा भी हैं, उनके जेहन में भी यह बात आई और उन्होंने रबी अभियान 2024 को एक दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही और बताया कि इसकी नब्ज पकड़ने के लिए एक समिति बनाई गई है, जो अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगी उसके अनुसार रणनीति बनाई जाएगी। कृषि मंत्री की मीडिया में यह बात सुनकर,मैं रविवार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को इसकी ग्राउंड रिपोर्टिंग की तो यह बात 100 प्रतिशत सही व सटीक साबित हुई।किसानों ने बताया हम जो सब्जी या बागवानी फसल का रेट मार्केट में देते हैं या नीलामी में बिकता है, वही हमारा माल चिल्लर मार्केट में हमारी बिक्री से 6 से 7 गुना अधिक कीमत में बिकता है जो मैंने सही पाया, इसलिए केंद्रीय कृषि मंत्री का संज्ञान सटीक लगा। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,किसानों से कौड़ियों के रेट में बिका बागवानी उत्पाद यांने सब्जियां उपभोक्ता की थाली तक पहुंचने तक कीमतें आसमान कैसे छूती इसपर तुरंत एक्शन की दरकार है। साथियों बात अगर हम दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को रबी अभियान राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 में केंद्रीय कृषिमंत्री के संबोधन की करें तो उन्होंनें शनिवार को कहा कि सरकार खेत से लेकर थाली तक बागवानी उत्पाद (सब्जियों) की कीमतों में भारी अंतर को दूर करने के लिए समिति गठित करेगी।राष्ट्रीय राजधानी में कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा,किसान 5 रुपये में सब्जियां बेचता है, तो उपभोक्ता 50 रुपये चुकाता है। इस अंतर को कम करने की जरूरत है,और बीच में जो पैसा जाता है, इसकी साइंटिफिक व्यवस्था बन रही है जिससे किसान को उसके हक का पैसा मिले। साथियों बात अगर हम खेतों के लिए 6 सूत्र तय करने की करें तो उन्होंने कहा, हमने खेती के लिए 6 सूत्र तय किए हैं।(1)उत्पादन बढ़ाना, इसके लिए अच्छे बीज चाहिए। नया बीज रिलीज तो हो गया लेकिन साइकिल ऐसी है कि तीन चार साल लग जाते हैं किसान तक पहुंचते-पहुंचते।(2)सिंचाई की व्यवस्था चाहिए। खाद की उपलब्धता भी हो। जो फीडबैक आया है, उसपर हमें चिंता से काम करना है।(3)कैमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग हम कैसे कम करें, इस पर हमें धीरे-धीरे ध्यान देना होगा।(4)ऑर्गेनिक और नेचुरल फार्मिंग की ओर जब हम बढ़ेंगे, तब हम धीरे-धीरे इसका उपयोग भी कम कर लेंगे।(5)खाद के लिए केंद्र के साथ राज्य जो भी ध्यान देना होगा। भारी सब्सिडी के बाद भी अव्यवस्था के कारण हमारा परिश्रम बेकार हो जाता है।(6)उत्पादन की लागत घटाना हमारा दूसरा लक्ष्य है।पर हेक्टेयर ईल्ड तो बढ़े लेकिन लागत कैसे घटे, इस पर काम हो रहा है।जो चीज हम तय करते हैं, वो कैसे किसान तक जाये, इसके लिए राज्यों का सहयोग चाहिए।उन्होंने बताया कि कृषिचौपाल हम अगले महीने शुरू कर देंगे, इसमें किसान बैठेंगे और वैज्ञानिक बैठेंगे।आगे कहा कि व्यावहारिक रूप से केंद्र और राज्यों के सामने अगर कोई समस्या आती है तो उसे पूरा करने में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।पीएम के नेतृत्व में हर कैबिनेट में किसानों के हित में क्रांतिकारी फैसले लिए जा रहे हैं।पीएम ने लाल किले के प्राचीर से कहा था कि तीसरे टर्म में तीन गुणी ज्यादा शक्ति से काम करना चाहता हूं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी प्रण लिया कि अकेले पीएम ही तीन गुनी शक्ति से काम नहीं करेंगे बल्कि हम भी कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। कृषि का भारतीय अर्थव्यवस्था में आज भी 18 से 19 प्रतिशत तक का योगदान है और 55 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को कृषि ही रोजगार प्रदान कर रही है। कृषि ने ही कोविड में भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने दिया। किसान की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है और मैं दिन और रात इसे करने की कोशिश करूंगा। साथियों बात अगर हम कृषि विभाग के महत्व कोसमझने की करें तो, सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा काम कोई साधारण काम नहीं है। कृषि विभाग का मतलब है देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले किसानों की जिंदगी कैसे बेहतर बने उसके प्रयास करना। उन्होंने कहा कि कृषि राज्य का विषय है। केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करने का प्रयास करती है। केंद्र और राज्य दो अलग- अलग नहीं है हमारा संघीय ढांचा है, हम दोनों को ही मिलकर काम करना है। कृषि मंत्री के रूप में मैं आश्वस्त करना चाहूंगा कि कोई भी राज्य हो, सभी हमारे लिए बराबर हैं। हम किसी के साथ भी भेदभाव नहीं करेंगे। केंद्र सरकार अकेले काम नहीं कर सकती है सभी मिलकर काम करेंगे, राज्यों के सहयोग की भी आवश्यकता होती है। इस सम्मेलन का संकल्प यही है कि हम मिलकर काम करेंगे। विभिन्न राज्यों से आए कृषि मंत्रियों को मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपके अनेकों ठोस सुझाव हमें मिले हैं और अनेकों समस्यायें भी बताई हैं। मैं अधिकारियों से यह कहना चाहता हूं कि मंत्रियों ने जो समस्याएं रखी हैं उन पर ठोस परिणाम आने चाहिए।राज्यों के मंत्रियों को अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए आमंत्रित किया है ताकि समस्याओं पर चर्चा की जा सके। अभी तक हम 17 राज्यों से बात कर चुके हैं और बाकी राज्यों के कृषि मंत्रियों व अधिकारियों को भी हम चर्चा के लिए बुला रहे हैं। किसानों से भी हर सप्ताह संवाद कर रहे हैं। किसानों व किसान संगठनों से प्राप्त राज्यों से संबंधित सुझावों को हम राज्यों को भेजते हैं और केंद्र के विषयों पर विभाग समाधान करते हैं।

साथियों बात अगर हम कृषि रणनीति के बारे में बात करें तो उन्होंने कहा हम एमएसपी बढ़ा रहे हैं। 2019 से तय हुआ कि उत्पादन की लागत पर 50 प्रतिशत जोड़कर मुनाफा देना है। खरीदी की भी प्रभावी व्यवस्था हो, इस पर काम हो रहा है।हम दलहन और तिलहन के सबसे उत्पादन भी हैं लेकिन आयात भी हम करते हैं। इसका उत्पादन हमें बढ़ाना है, लेकिन किसान दाम भी देखेगा कि किसमें फायदा है।हमने मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस की व्यवस्था खत्म की है, चावल के एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध को खत्म किया है। दालों की खरीद की व्यवस्था हमने की है। दालों की पूरी खरीदी होगी, किसन चिंता न करें। हम किसी राज्य में 25 प्रतिशत से ज्यादा भी खरीदेंगे अगर जरूरत पड़ी तो। उन्होंने बताया कि गाँव में टमाटर पैदा हुआ, यहाँ पर आते हुए उसके रेट बढ़ जाते हैं, बीच के ट्रांसपोर्टेशन के खर्च को अगर केंद्र राज्य मिलकर वहन कर लें तो शहर वाले को सस्ती सब्जी मिलेगी और किसान को बेहतर दाम मिल जायेगा। जल्दी खराब होने वाली फसलों विशेष कर सब्जियों को कैसे बचाया जा सके, इसके लिए कमेटी बनाई है। हमें कृषि का विविधीकरण करना है। कई बार किसी फसल का जरूरत से ज्यादा उत्पादन हो जाता है। राज्य और केंद्र एक प्रयोग करे, एक मॉडल फार्म कैसे बने। एक, दो या ढाई एकड़ जमीन में किसान कैसे खेती करे, इस पर काम हो। कई किसानों ने बताया है कि वो एक एकड़ में अच्छा कमा लेते हैं।अलग-अलग राज्यों में प्रयोग होना चाहिए। हमें परंपरागत खेती का स्वरूप बदलना होगा।उन्होंने कहा कि भारत में इतने एग्रो-क्लाइमेटिक जोन हैं कि भारत दुनिया का फूड बास्केट बन सकता है।हम संवेदनशील बनें। किसानों को कई बार नुकसान हो जाता है, उस समय हमें किसानों के साथ खड़े होना है। फसल बीमा योजना का पैसा किसानों को समय पर मिल जाना चाहिए। लगातार रिव्यू हो जिससे अधिक से अधिक पैसे किसानों को मिलें। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करेंतो हम पाएंगे कि किसानों कीजिंदगी बेहतर करने का फंडा-किसानों द्वारा 5 रूपए में बेची सब्जी बाजार में 50 रूपए कैसे बिकती है ?केंद्र सरकार ने खेत से लेकर थाली तक बागवानी उत्पाद (सब्जियों) की कीमत में भारी अंतर की नब्ज पकड़कर साइंटिफिक व्यवस्था बनाने कमेटी बनाई।किसानों से कौड़ियों के रेट में बिका बागवानी उत्पाद (सब्जियां) उपभोक्ता की थाली तक पहुंचते तक कीमतें आसमान कैसे छूने लगती है ?-तुरंत एक्शन की दरकार।

व्यंग्य डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# गजब के शौक



शहर के एक चौराहे पर, लोगों का आना-जाना लगा रहता था। उसी चौराहे पर एक प्रसिद्ध चाय की दुकान थी, जहाँ हमेशा भीड़ रहती थी। चाय की दुकान के पास एक नुक्कड़ था, जहाँ हर दिन रामू नामक एक रिक्शा चालक बैठा करता था। वह अपने छोटे से रिक्शे में न केवल यात्रियों को ढोता, बल्कि शहर के कई रंग-बिरंगे किस्सों का साक्षी भी था। एक दिन, चाय की दुकान पर एक धनी व्यापारी, जिनका नाम विक्रम था, चाय पीने आए। विक्रम हमेशा अपनी ऊँची एड़ी के जूते और महंगे कपड़े पहनता था। उनके पास पैसा तो बहुत था, लेकिन संवेदनाएँ शायद किसी कोने में धूल खा रही थीं। चाय पीते हुए विक्रम ने एक रिक्शा देखा।

अरे, रामू! विक्रम ने आवाज दी, क्या हाल है?

रामू ने मुस्कुराते हुए कहा, सब बढ़िया है, बाबूजी। आप कैसे हैं? विक्रम ने हंसते हुए कहा, आज मेरी मौज है। चलो, मैं तुम्हें चाय पिलाता हूँ। तुम्हारे लिए एक स्पेशल चाय लाता हूँ।




रामू के चेहरे पर आश्चर्य था। लेकिन बाबूजी, आप तो हमेशा अपनी चाय लेते हैं। अरे, आज तो मैं दान कर रहा हूँ। ये लो, ये पान खाओ और मेरे लिए एक सिगरेट ले आओ, विक्रम ने आादित होकर कहा। रामू ने थोड़ा सकुचाते हुए कहा, लेकिन बाबूजी, मैं तो सिगरेट नहीं पीता। तू समझता क्या है? आजकल की जीवनशैली यही है। तू भी तो एक दिन भोगी बनेगा। चल, ये सिगरेट ले और थोड़ा मजा ले, विक्रम ने उसे समझाया। फिर विक्रम ने रामू को दुगने पैसे दिए और खुद रिक्शे में बैठ गया। अब मैं चलाऊँगा। एक अच्छा व्यस्त आदमी सड़कों पर बैठकर अपने मजे क्यों नहीं ले सकता?रामू ने खींचतान करते हुए कहा, बाबूजी, आप तो मुझे चलाने दें। यह मेरा काम है। अरे! तू क्यों डरता है? ये तुझे मिरगी की तरह चढ़कर उतर रही है। बस, मेरे पीछे देख। ज़िंदगी जीने का एक तरीका है। रिक्शा चलाना मजेदार है, चलो! विक्रम ने कहा और खुद रिक्शा चलाने लगा।जैसे ही विक्रम ने रिक्शा चलाया, उसकी आँखों में एक चमक आई। उसने महसूस किया कि अब वह आम लोगों की दुनिया में आ गया है।देखो, लोग कितने मजेदार हैं! ये बेचारे मजदूर, ये रिक्शा चालक। उनके पास तो जीने का तरीका भी नहीं है। कितना अद्भुत है, विक्रम ने चिल्लाते हुए कहा।रामू अब चुपचाप बैठा हुआ था, उसकी आँखों में आँसू थे। वह सोच रहा था कि यह आदमी केवल खेल रहा है, जबकि वह उसके जीवन की वास्तविकता से बिलकुल अज्ञात था।विक्रम जब भी कोई राहगीर देखता, उसे सिगरेट का ऑफर देता, लो, भाई, सिगरेट लो! एक बार ये जिंदगी का मजा चख लो। लेकिन राहगीर उसे घूरते हुए आगे बढ़ जाते। अचानक, एक सड़क पर विक्रम ने देखा कि एक गरीब बच्चा अपनी माँ के पास बैठा हुआ है, जो भीख मांग रही थी। विक्रम ने उसे देखा और उसे मन में ख्याल आया, क्यों न थोड़ी मानवीयता दिखाऊँ? विक्रम ने सोचा कि उसे उस बच्चे को कुछ पैसे देने चाहिए। अरे, माँ! ये लो, तुम्हारे लिए कुछ, उसने बच्चे के पास जाकर कहा। लेकिन जैसे ही उसने पैसे निकालने के लिए हाथ बढ़ाया, उसकी जेब से एक फटा हुआ नोट गिर गया। बच्चा फटे नोट को उठाकर मुस्कुराया।

धन्यवाद, बाबूजी! मैं इसे अपने लिए चॉकलेट खरीदूँगा।

विक्रम ने सोचा, अरे! ये तो बड़ा सरल है। बस, मैं अपनी मानवीयता को दिखा रहा हूँ। ये एक बहुत बड़ी बात है।लेकिन जब विक्रम ने मुड़कर रामू की ओर देखा, तो उसे उसके चेहरे पर एक गहरी उदासी दिखाई दी। रामू ने कहा, बाबूजी, आपकी मानवीयता एक फर्जी जश्न है। जब आप अपने लिए सुखद अनुभव ले रहे हैं, तो हम जैसे लोगों का जीवन क्या मायने रखता है? विक्रम को यह सुनकर लगा कि उसकी चेतना का विस्तार तो हो गया था, लेकिन वह अब भी अपनी वास्तविकता से अज्ञात था। उसने सोचा, क्या यह सभी का एक मजाक है?अंत में, विक्रम ने रिक्शा रोक दिया और उतरकर रामू को पैसे देते हुए कहा, मुझे लगता है, मैंने अपनी चेतना का विस्तार किया है। अब मैं बेहतर आदमी बनूँगा। लेकिन रामू ने गहरी साँस ली और कहा, ह्नबाबूजी, चेतना का विस्तार केवल पैसे और दिखावे से नहीं होता। यह तभी होता है जब हम दूसरों के दर्द को समझें और उन्हें सही मायने में सुनें। विक्रम का चेहरा उतर गया। क्या उसकी चेतना का दर्पण वास्तव में इतना धुंधला था? उसी समय, चाय की दुकान पर बैठा हर कोई यह देख रहा था। विक्रम के मानवीयता के प्रदर्शन में अब सिर्फ एक दर्द और सन्नाटा था, जिसे वह समझ नहीं पाया।

# पुलिसकर्मियों के प्रति रखें मानवीय दृष्टिकोण:रमेन डेका

## पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल राज्यपाल और मुख्यमंत्री

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किए।



इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि पुलिस का काम अत्यंत जवाबदेही का होता है। आम जनों से आग्रह है कि पुलिस कर्मियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखें और उनके कार्यों में मदद करें। उन्होंने कहा कि एक तरफ वे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हैं। दूसरी तरफ उनकी जिम्मेदारी होती है कि समाज में व्यवस्था बनी रहें और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस के जवान भी अपने परिवार को छोड़ कर कार्य कर रहे हैं। उनसे परिवार के एक सदस्य की भांति व्यवहार करें, उन्हें सम्मान दें। आपके दो मीठे बोल, उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। यह सद्व्यवहार उनकी सारी थकान दूर कर देगी और वे अपनी ड्यूटी भी दोगुने जोश से करेंगे। राज्यपाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जहां नक्सली समस्या एक गंभीर चुनौती रही है, वहां हमारी पुलिस ने जिस प्रकार से साहस, धैर्य और निष्ठा के साथ इस समस्या का सामना किया, वह सराहनीय है। पुलिस की तत्परता और कर्त्तव्यनिष्ठा के कारण आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और शांति के लिए एक सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। नक्सली गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस और सशस्त्र बलों ने न केवल सख्त रणनीति अपनाई बल्कि स्थानीय समुदायों के साथ बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित किया है। जिससे उन क्षेत्रों में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है और आने वाले समय में नक्सल समस्या का पूर्ण रूप से उन्मूलन होगा।

## एक नजर

### 4 लाख आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील पखांजूर के ग्राम पी.व्ही. 50 जयपुर के 07 वर्षीय रूद्र बाला की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्री तापस बाला और श्रीमती कमला बाला को संयुक्त रूप से चार लाख रूपये की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने घायल के बेहतर उपचार के लिए सुकांत मंडल को सौंपा चेक



**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा विकासखण्ड कोयलीबेड़ा पखांजूर के शांतिपुर निवासी सुकांत मंडल पुत्र शुभ मंडल के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि शांतिपुर निवासी सुकांत मंडल ने कलेक्टर के समक्ष अपने पुत्र शुभ मंडल के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उनके इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। पुत्र शुभ मंडल अज्ञात वाहन के ठोकर मारने के कारण गंभीर रूप से सिर में चोट आने पर घायल हो गया है तथा उनका इलाज हेल्थ केयर अस्पताल रायपुर में चल रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शुभ मंडल के बेहतर इलाज के लिए रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक पवन कुमार सेन को पच्चीस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि जारी करने निर्देशित किया। स्वीकृति पश्चात राशि जारी कर कलेक्टर ने चेक आवेदक सुकांत मंडल को सौंपा।

### ग्राम पंचायत बाबूदबेना में 24 लगने वाला शिविर स्थगित

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बाबूदबेना में 24 अक्टूबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### जल जीवन मिशन के तहत महिलाओं को जल परीक्षण की दी जा रही ट्रेनिंग

**कोण्डागांव, 22 अक्टूबर।** जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेजजल की समस्या का समाधान करने के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य हर घर हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके साथ ही जल संरक्षण और जल परीक्षण में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत उन्हें जल परीक्षण, जल संरक्षण के उपाय और जल प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रकार जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माकड़ी विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ी, कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र कोण्डागांव में तथा केशकाल विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल में मितानीन मॉस्टर ट्रेनर को जल जीवन मिशन योजना के तहत जल परीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में पानी से होने वाले जल जलीय बीमारियों के बारे में बताया गया एवं पानी में पाये जाने वाले खनिज तत्व की मात्रा कितना होना चाहिए व जल में मात्रा अधिक होने से उनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल का परीक्षण कर दिखाया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक श्री राजेन्द्र मरई व श्रीमती पियम दुर्गा, यूनिसेफ श्री किशन साहू, डब्लू.क्यू.एम.एस. समन्वयक श्री मिथलेश कुमार साहू एवं प्रयोगशाला सहायक श्री श्यामलाल कोर्राम एवं श्री पतिराम मरकाम उपस्थिति रहें।

### शल्य चिकित्सा कर जिले में पशु चिकित्सकों ने बचाई गाय और बछड़ी की जान

**कोण्डागांव, 22 अक्टूबर।** कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बीजापुर में 14 अक्टूबर को पशुपालक श्री राजेश कुमार भारद्वाज की गाय गंभीर स्थिति में थी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की गाय का बच्चा गर्भाशय मरोड़ के कारण गर्भाशय में फंस गया था, जिससे गाय और बछड़ी दोनों की जान खतरे में थी। पशुपालक ने तुरंत इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दी, जिस पर कोंडागांव के अनुभवी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस मरकाम और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों की टीम ने कई बार प्रयास किया ताकि गर्भाशय मरोड़ को ठीक कर बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रारंभिक प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद विशेषज्ञों ने शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया। टीम ने सर्जरी की, जिससे न सिर्फ बछड़ी को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया बल्कि गाय की भी जान बचाई जा सकी। इस जटिल सर्जरी ने कोंडागांव जिले के पशु चिकित्सा सेवा की तत्परता और कौशल को एक बार फिर साबित किया। यह घटना पशुपालकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती है। गाय और बछड़ी दोनों आज स्वस्थ हैं और पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।

# शहरों के बेहतर विकास और जनहित में करें कार्य:अरुण साव

**रायपुर.22 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में संभाग के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अंबिकापुर कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को शहरों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इंजीनियर्स के साथ बेहतर तालमेल से काम करते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विकास और जन सुविधाएं विकसित करने के कामों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और सरगुजा के कलेक्टर श्री भोसकर विलास संदिपान भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।



उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में बताया कि सरगुजा संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए पिछले दस महीनों में अधोसंरचना मद में कुल 141 करोड़ 99 लाख रुपए जारी किए गए हैं। वहीं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 44 करोड़ 34 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विगत दस महीनों में राज्य के नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए करीब 600 करोड़ रुपए तथा 15वें वित्त आयोग मद में 1450 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने बैठक में पिछले माह रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के संचालन, कार्य पद्धति में बदलाव और कार्यालय के रखरखाव पर दिए निर्देशों पर अमल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुक्त और सीएमओ अपनी जिम्मेदारी समझें और शहरों के हित में गंभीरता से कार्य करें। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं। शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। उन्होंने बैठक में स्थानांतरण आदेशों के पालन और जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान प्राप्त अनिराकृत आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों को सख्ती से निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझें, काम में अरुचि और लापरवाही बिल्कुल अक्षम्य होगी। काम नहीं करने वालों पर कार्यवाही अवश्य ही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा निकायों के विकास के लिए पूरा सहयोग किया जा रहा है। अधिकारी उदासीन न रहें, उत्साह के साथ काम करें। काम में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरों से दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में लेट-लतीफी न करें। फील्ड पर भी समय बिताएं और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें। शासन द्वारा मांगी गई जानकारियों और प्रस्तावों को व्यवस्थित रूप से भेजें।

श्री साव ने बैठक में अधिकारियों से सरगुजा संभाग के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण के लिए स्थल चिन्हांकन की जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए सभी सीएमओ को अपना प्रस्ताव शीघ्र संबंधित कलेक्टर को भेजने को कहा। उन्होंने दीपावली के तुरंत बाद इस पर काम शुरू करने के निर्देश दिए।

# पीएम मोदी और महाराष्ट्र सरकार की योजना से चुनाव में भाजपा को मिलेगी शानदार सफलता:रामजी भारती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 22 अक्टूबर।** प्रदेश भाजपा के महामंत्री और पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने बताया की महाराष्ट्र मे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गांव गरीब किसान की योजना प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, मुफ्त आनाजयोजना , विश्वकर्मा योजना,और महाराष्ट्र सरकार की लाड़की बहिनी योजना सहित वर्तमान विधायक प्रदेश के मंत्री श्री अतुल सावे जी के द्वारा नहर बांध, शहर मे पक्की सड़को का निर्माण ड्रेनेज़ सिस्टम सहित अनेक विकास कार्यों का सफल क्रियान्वयन के फल स्वरुप नवम्बर मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र मे पुनः भाजपा की सरकार बनेगी !छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने घर घर जा कर पुनः भाजपा की सरकार बनाने दौरा चालू कर दिया है! महाराष्ट्र के मराठ वाडा के सम्भा जी नगर मे प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्री रामजी भारती डेरा जमाये है और आज उनके द्वारा प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री मयूर बंजारी से घर जा कर मुलाक़ात किया, युवा मोर्चा के सिड़को मण्डल के अध्यक्ष श्री शौरभ तोतरे की युवा मोर्चा के युवाओं के साथ बैठक कर युवा मतदाता को भाजपा के पक्ष मे ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए रुपरेखा बनाने के दिशा निर्देश दिए, सिंहगढ़ कालोनी मे शुभाष लोखंडे और दिलीप पंडित से बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मार्गदर्शन दिए अयोध्या नगर मे महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता ताई, प्रवीना राजपूत, वैशाली, मिना सावडे, रानी बेहरे से बैठक कर लाड़की बहन योजना का प्रचार घर घर तक पहुंच कर भाजपा के पक्ष मे महिला मतदाता को निवेदन करने के लिए कहा आज सिड़को मंडल मे वरिष्ठ और जिला पदाधिकारी सहित प्रदेश पदाधिकारी सहित ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी से घर घर जा कर सौजन्य भेट किया आज गुरुनगर, गणेश नगर, शिवनेरी मे श्रीनिवास जी, विजय करोड़े, आदिनाथ घुघे, विजय मानवतकर, संतोष श्रीराँगे, श्री कैलाश राउत और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेश मीरकर जी से मुलाक़ात किया गया साथ मे सिड़को मण्डल के महामंत्री श्री अमेय देशमुख और जनपद सदस्य रवि अग्रवाल उपस्थित थे!



### नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर की ग्रामीण की निर्मम हत्या

**सुकमा 22 अक्टूबर।** किस्टाराम थाना क्षेत्र अंर्तगत मेटगुड़ा गांव के एक ग्रामीण मड़कम आंदा का नक्सलियों ने अपहरण कर ले जाने के बाद मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उसकी हत्या कर दी। इसकी पुष्टि सुकमा जिले के एएसपी आकाश राव ने की है। मिली जानकारी के अनुसार मड़कम आंदा की हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी आकाश राव ने बताया कि मृतक के परिवार वालों से बातचीत की जा रही है और घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने मड़कम आंदा पर मुखबिरी का आरोप लगाया इसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी। इतना ही नहीं घटना के बाद नक्सलियों ने पुलिस प्रशासन का साथ नहीं देने के लिए स्थानीय लोगों को धमकी भी दी गई है। पुलिस इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में वकील ने घर में लगाई फांसी

**जगदलपुर 22 अक्टूबर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक वकील ऋषि तिवारी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को बीती रविवार रात को लगी, जिसके बाद इसकी सूचना कोतवाली थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भेज दिया जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ऋषि तिवारी उम्र लगभग 40 वर्ष पेशे से वकील थे, अपनी पत्नी, मां और बच्चों के साथ रहते थे। रविवार को बेटी के जन्मदिन होने के कारण घर में तैयारी चल रही थी, इसी बीच पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया और ऋषि गुस्से में आकर अपने कमरे में दोपहर को चला गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को 25 अक्टूबर तक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता के दृष्टिकोण से प्रत्येक क्लस्टर में 'आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन' के चयन हेतु जिला पंचायत कार्यालय द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र की सूची प्रकाशन पश्चात् दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित समय-सीमा में 48 आवेदकों द्वारा दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई है। चयन समिति द्वारा प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण पश्चात मेरिट सह चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार किया गया है।

# दसपुर के बवासीर विशेषज्ञ की तारीफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 22 अक्टूबर।** यदि आप बवासीर बीमारी से परेशान हैं और इसका कई जगह उपचार कराकर निराश हो चुके हैं तो अब आपको परेशान होने की कतई जरुरत नहीं है। कांकेर शहर से लगे ग्राम दसपुर में बवासीर के सैकड़ो मरीज अपना इलाज करवा ठीक हो चुके है, वे अपने मरीजों को ऐसी क्या दवा देते है कि बवासीर विशेषज्ञ की तहसीलदार, टीआई, फिल्मी हीरो भी तारीफ करते नहीं थक रहे। उपचार के बाद स्वस्थ हुए पूर्व तहसीलदार, पूर्व टीआई, राज्य पाल पुरस्कृत प्राचार्य व पत्रकार ने भी पत्रकारों से अपना अनुभव साझा किया है। इलाज करवा कर ठीक हुए शा. उ. मा. विद्यालय लखनपुरी के पूर्व प्राचार्य राज्यपाल पुरस्कृत फूलसिंह गंगेश ने बताया कि दसपुर में केवल दवा से इलाज किया जाता है। ऑपरेशन करवाने की जरूरत ही नहीं पड़ती है। एकता नगर कांकेर निवासी पूर्व तहसीलदार एस एल सीवाना ने चर्चा में बताया कि मुझे दस वर्षो से बवासीर था इलाज करवा करवा कर थक गया था, फिर भी ठीक नहीं हो रहा था मुझे दसपुर वाले बवासीर विशेषज्ञ तोरण जी का मों नं. मेरे परिचीत से प्राप्त होने पर मैं भी इलाज करवाया। दस साल की पूराना बिमारी सिर्फ आठ दिन में ठीक हुई। ऐसे शर्तिया इलाज करने वाले को मैं कभी भी भूल नहीं सकता। झुनियापारा कांकेर निवासी पूर्व टीआई सूर्यवंशी ने बताया कि उन्होने अपने पत्नी श्रीमती सुर्यवंशी का इलाज 2017 में कराया था फिर उसको कभी भी यह बीमारी दोबारा नहीं हुई।.कोण्डागांव जिले के ग्राम छिन्दली (बहीगांव) के सरपंच जेठूराम मरकाम ने बताया कि दसपुर कांकेर से लगा हुआ है। जहां मरीजों को भर्ती होने की जरूरत नहीं पडती। दसपुर गांव कांकेर जिला मुख्यालय से पूर्व की ओर दुधावा मार्ग में 5 किमी दूरी पर स्थित है। जहां सिर्फ 10 से 20 मिनट में बवासीर का इलाज किया जाता है। इलाज करवाने के बाद मरीज तुरंत घर जा सकते हैं। इलाज के बाद मरीज सुखी सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बेलरगांव क्षेत्र के दैनिक भास्कर के पत्रकार नारद साहू ने बताया कि मैं साहू समाज का अध्यक्ष भी हूं। बवासीर विशेषज्ञ को विगत 15 वर्षो से जानता हूं इस बवासीर विशेषज्ञ से मैं और मेरे साहू समाज के विशेष निवेदन अनूरोध पर सितम्बर 2023 में 47 मरीजो का बेलरगांव आकर 100 प्रतिशत बिना आपरेशन बिना पैसे का निः शुल्क इलाज किया था। बवासीर विशेषज्ञ का मैं कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम के सह सचिव बलराम साहू पति-पत्नी दोनों ने इस बवासीर विशेषज्ञ की तारीफ की है। वहीं छत्तीसगढ़ी प्रसिद्ध फिल्म हण्डा के हीरो अनिल सिन्हा जी ने भी मुलाकात के दौरान इस बवासीर विशेषज्ञ की तारीफ की व साथ में फोटो भी खिंचवाए। राजिम के राजीव लोचन मंदिर के पुजारी श्री शिव सिंह ठाकुर, कुरूद धमतरी निवासी सन्तू राम चेलक, यूनियन बैंक मैनेजर इमलीपारा कांकेर निवासी वर्तमान मुम्बई निवासी विश्वजीत दलपती, हात्मा विश्रामपुरी के सन्तू मरकाम, कांकेर के पास ग्राम गोतपुर के निवासी आरक्षक अनिल शोरी, व्यासकोंगेरा के कोटवार देवराम कुलदीप, नंदनमारा कांकेर के किसान पुत्र गोकुल सोनकर, नरहरपुर के मनीराम सिन्हा (छत्तीसगढी फिल्म हण्डा के हीरो के पिता व माता) ने भी बताया दसपुर में बवासीर का एक नम्बर इलाज होता है। छोटे बेठीया पुलिस कैम्प में पदस्त हवलदार ने बताया मेरा नाम बालाराम सलाम है और मै ग्राम पलेवा का निवासी हूं। मुझे बवासीर हो गया था तो मैं दसपुर जा कर इलाज करवाया मेरा बिमारी आठ दिन में 100 प्रतिशत ठीक हूआ तो मैं अपने साथी मानसाय शोरी वे भी हवलदार है सहित अन्य साथियों को जानकारी देकर उन लोगो का भी इलाज करवाया हूं सभी ठीक हो गये हैं। बवासीर विशेषज्ञ तोरण जी की तारीफ करते करते सभी मेरा भी तारीफ करते हैं। कोयलीबेड़ा, चारामा, नरहरपुर, लखनपुरी, दुधावा, सरोना के लगभग 80 से भी ज्यादा महिलाएं भी यहां बवासीर बीमारी का इलाज करवा कर स्वस्थ्य हुए हैं। सभी ने दसपुर वाले बवासीर विशेषज्ञ की तारीफ की है।



## समाचार संक्षेप

### मछलीपालकों के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एन.एफ.डी.पी. पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। एन.एफ.डी.पी. का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु एन.एफ.डी.पी. पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य अन्तर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेन्टर (च्वाईस सेन्टर) के माध्यम से किया जाना है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। पंजीयन के पश्चात् मत्स्य विभाग से सत्यापन के बाद उनके बैंक खातें में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होंगें तथा कॉमन सर्विस सेन्टर को उनके प्रत्येक एन्ट्री पर 18 रूपये कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन हेतु मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर के साथ कॉमन सर्विस सेन्टर (च्वाईस सेन्टर) में एन्ट्री कार्य कराना होगा। इसके अलावा पंजीयन हेतु आधार लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओ.टी.पी. अनिवार्य होगा। पंजीयन पश्चात् प्रारंभ में अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा तथा कृषकों का मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात् स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यह भी बताया गया कि जिले में पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो चुका है तथा वर्तमान स्थिति तक कॉमन सर्विस सेन्टर (च्वाईस सेन्टर) द्वारा 116 मत्स्य कृषकों का पंजीयन किया जा चुका है। उन्होंने जिले के सभी मत्स्य कृषकों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की है।

### बस्तर ओलंपिक भाग लेने के लिए पंजीयन अब 25 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव, 22 अक्टूबर।** राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग में खेल के क्षेत्र में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और यहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की तिथि को 25 अक्टूबर तक बढ़ाया गया है। बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले में अब तक 27075 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक के जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्ग में 17 से अधिक आयुवर्ग के महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवादी प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल और रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी 25 अक्टूबर 2024 तक प्रत्येक विकासखण्ड के जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिका, नगर पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा परिसर, कोण्डागांव में भी ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और बैंक खाता विवरण जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए नाम, पता, पिता का नाम, बैंक का नाम और बैंक खाता क्रमांक देना अनिवार्य होगा।

### जनदर्शन में आमजनों से 18 आवेदन प्राप्त

**कोंडागांव, 22 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक जांच कर कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में धनोरा तहसील के ग्राम बड़ेओड़ागांव से पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव पर अनियमितता की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को आवश्यक जांच हेतु अग्रेषित किया। इसी प्रकार तहसील मर्दापाल के के ग्राम गोलावण्ड निवासी श्री सोनसिंग कोर्राम ने अपनी समस्या बताते हुए गांव के पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के लिए वंशावली नहीं बनाने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम कोण्डागांव को आवश्यक जांच हेतु निर्देशित किया गया। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम ठेमगांव के ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला के लिए विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग की, जिस पर कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम होनावण्डी के ग्रामीणों ने शेड निर्माण, ग्राम गोड़मा निवासी पवन कुमार मरकाम ने वन अधिकार पत्र की मांग, ग्राम चिलपुटी के ग्रामीणों न प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मजदूरी भुगतान की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम श्री चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आंखों की लौटी रोशनी, मिला नया जीवन

**रायपुर,22 अक्टूबर।** मोतियाबिंद के ऑपरेशन से दृष्टि वापस पाना वाकई में एक नया जीवन मिलने जैसा है। मोतियाबिंद, जिसे कैटरेक्ट भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें आंख का प्राकृतिक लेंस धुंधला हो जाता है, जिससे दृष्टि धुंधली हो जाती है। सर्जरी के दौरान, धुंधले लेंस को निकालकर उसकी जगह एक कृत्रिम लेंस लगाया जाता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर सुरक्षित और प्रभावी होती है, जिससे मरीज की दृष्टि में काफी सुधार होता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल पर जशपुर जिले में मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत जशपुर जिला में मोतियाबिंद मुक्त अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराते हुए उनका सफल ऑपरेशन किया जा रहा है।

## एक नजर

### कौशल पखवाड़ा शिविर में युवाओं ने किया आवेदन



**राजिम, 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनिकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत सोमवार 21 अक्टूबर को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत कौन्दकेरा एवं आसपास के गांव के युवाओं ने सिलाई, कम्प्यूटर, ड्रायविंग, ऑफिस अस्सिटेंट, रिटेल सहित अन्य कोर्स में आवेदन किया। इस अवसर पर सरपंच श्री गणेश डहरिया, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति ओंकार साहू, मनोज विश्वकर्मा, मकसूदन साहू, बाबूलाल साहू, मोहन दीवान, तामेश्वर पाठक, रामबाई साहू,, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के प्राचार्य एम. आर. रात्रे एवं,, जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक श्रीमती सृष्टि मिश्रा उपस्थित रहे। इसी तरह मंगलवार 22 अक्टूबर को देवभोग विकासखंड अंतर्गत लाटापारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय आईटीआई देवभोग में कौशल पखवाड़ा का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा। जिसमें 14 से 45 वर्ष तक के आयु के युवा विभिन्न कोर्स सुरक्षा गार्ड, कम्प्यूटर, नर्सिंग, ड्रायवर, सिलाई, रिटेल, ऑफिस अस्सिटेंट एवं ब्युटी पार्लर में आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते है।

### जिले से 46 स्काउट,रोवर राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण

**फिंगेश्वर, 22 अक्टूबर।** राज्य मुख्यालय द्वारा इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर स्काउट विभाग का दिनांक 9 से 13 सितम्बर तक एवं रोवर विभाग का 24 से 28 सितम्बर 2024 में स्थान राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में आयोजित किया गया था। उक्त जांच शिविर का उत्तीर्ण सूची राज्य मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है। राज्यमुख्य आयुक्त मान. डॉ सोमनाथ यादव जी के विशेष मार्गदर्शन में एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी जी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत एवं जिला सचिव, रोमन साहू के मार्गदर्शन में एवं डी ओ सी स्काउट आशीष कुमार, डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद से स्काउट विभाग में 28 स्काउट एवं रोवर विभाग में 18 रोवर राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण हुवे। वे सभी स्काउट गाइड शासकी हाइस्कूल कौन्दकेरा, फुलकर्रा, इंदगांव, रावड़, परसदाकला, खुटेरी, मुरमुरा, अकलवारा, ठाकुरदलगंजन फ़िंगेश्वर, सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के हैं। राज्यपाल पुरस्कार में जिला गरियाबंद से कुल 46 उत्तीर्ण स्काउट एवं रोवर को जिला संघ अध्यक्ष मान. संतोष उपाध्याय जी, जिला संघ के सभी पदाधिकारी एवं स्काउटर गाइडर ने शुभकामनाएं दी. उक्त जानकारी जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

### कलेक्टर ने शूटिंग खिलाड़ी मेघा को उपलब्धियों पर दी बधाई



**महासमुंद।** शूटिंग खिलाड़ी मेघा तिवारी ने हाल ही में महासमुंद में संपन्न हुए 27वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। उन्होंने प्रोन 50 मीटर महिला ओपन राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल तथा एवीएम राइफल शूटिंग 50 मीटर महिला ओपन में सिल्वर मैडल हासिल किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुलाकात के दौरान पर कलेक्टर ने उनकी हौसला अफज़ाई की।

बता दें कि इससे पहले मेघा ने 26वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट 2023 में जो पंचकुला हरियाणा में आयोजित हुआ था, राइफल शूटिंग में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीती थी। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। इसके पूर्व अभी हाल ही में पेरिस ओलम्पिक में शूटिंग में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर से बारनवापारा प्रवास के दौरान मुलाकात कर उनसे जरूरी मार्गदर्शन भी लिए। ओलंपिक विजेता मनु भाकर ने भी मेघा की हौसला आफजाई करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के सुझाव दिए। मेघा ने बताया कि उन्हें बचपन से ही शूटिंग का शौक था। वे लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में शामिल हो रही है। इसका श्रेय उन्होंने अपने पिता सुरेश तिवारी, परिवारजनों और कोच एवं साथी खिलाड़ियों को दिए हैं।

### रामलला दर्शन के लिए विधायक ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के तहत सोमवार को यात्रियों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निवास से उन्हें भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। साथ ही उनकी यात्रा मंगलमय हो इसके लिए शुभकामनाएं भी दी। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ यात्री बस से रायपुर के लिए प्रस्थान किए। रायपुर से उन्हें विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या दर्शन के लिए ले जाया जाएगा।इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री बनने के 100 दिन में ही कदम उठाया था। उसी के फलस्वरुप प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने रामलला दर्शन का पुण्यलाभ लिया है।

# पंचायत परिसीमन और गठन से मुख्यधारा में भागीदारी का मिलेगा अवसर:जग्गूराम तेलामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,22 अक्टूबर ।** जिले के ग्राम पंचायतों के परिसीमन और पुनर्गठन के लिए सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी के नेतृत्व में सोमवार को राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले भैरमगढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन और परिसीमन संबंध में आवेदन बीते 12 सितंबर को अनुभागीय अधिकारी भैरमगढ़ को नौ पंचायतों द्वारा सौंपा गया था। करीब दो माह बीतने को है किंतु नवीन पंचायतों के परिसीमन से जुड़ी कोई भी जानकारी नहीं मिल रही है। जिला पंचायत सीईओ न फोन उठाते हैं और न ही कोई जानकारी साझा कर रहे हैं। नवीन पंचायतों के गठन से आदिवासी बहुल जिले में सरकार की जनकल्याणकारी योजना और आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा में भागीदारी का अवसर मिलेगा। जग्गूराम तेलामी ने बताया कि नए पंचायतों के गठन और परिसीमन के लिए ग्राम पंचायत नेलसनार, ग्राम पंचायत सोमनपल्ली, ग्राम पंचायत बेचापाल, ग्राम पंचायत ग़दामली, ग्राम पंचायत कोण्डरोजी, ग्राम पंचायत तालनार, ग्राम पंचायत पातरपारा, ग्राम पंचायत फुलगट्टा और ग्राम पंचायत पिटेपाल के ग्रामीणों ने सीईओ जनपद पंचायत भैरमगढ़ और अनुभागीय अधिकारी राजस्व को ग्राम सभा के प्रस्ताव के साथ परिसीमन और नवीन पंचायतों के गठन का मांग पत्र सौंपा गया था।

हमारी महामहिम राज्यपाल महोदय से मांग है कि पंचायतों के परिसीमन कर नवीन पंचायतों का गठन शीघ्र किया जाए। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा, मुरिया समाज अध्यक्ष सुकुल साय तेलाम, पांडूराम तेलम, श्रवण सैंड्रा, बलराम कोरसा सहित दस पंचायतों के पंच सरपंच और जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## धमनी स्कूल में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद अजय शर्मा को किया गया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**फिंगेश्वर, 22 अक्टूबर।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में पुलिस शहीद स्मृति दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना राजिम के सहायक उप निरीक्षक सिन्हा जी थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत धमनी के उपसरपंच राधेश्याम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में हवलदार तुलसी निषाद, आरक्षक ध्रुव जी, आरक्षक दीवान जी तथा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामानंद ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा धमनी ग्राम के शहीद अजय शर्मा के स्मृति स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने पुलिस के जवानों का आत्मीय अभिनंदन कर सम्मानित किया। शहीद अजय शर्मा की शहादत को याद करते हुए विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र पंत ने बताया की अजय शर्मा बचपन से ही एक होनहार विद्यार्थी थे तथा देश सेवा की भावना उनमें कुट कुट कर भरी हुई थी। जिसके कारण ही उन्होंने ने देश और समाज की सुरक्षा का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ जिला पुलिस में सेवा आरंभ किया। जहां पर अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक नक्सलवादी मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक उप निरीक्षक सिन्हा जी ने कहा धमनी की यह मिट्टी बहुत पावन है जहां पर ऐसे वीर शहीद जन्म लिए जिससे बलिदान को युगों युगों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने ने बच्चों को शहीद अजय शर्मा से प्रेरणा लेकर एक आदर्श और देश तथा समाज सेवा में समर्पित नागरिक बनने का आह्वान किया किया। सभी अतिथियों ने बच्चों को पुलिस शहीद स्मृति दिवस के बारे में संबोधित किया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रधानपाठक प्रिति नायक, शिक्षक महेन्द्र पंत, मनीषा दीवान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गुणित साहू तथा विद्यालय के छात्रों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,22 अक्टूबर ।**21 अक्टूबर 2024 को पुलिस स्मृति दिवस पर सम्पूर्ण भारत में राज्य पुलिस बल एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवान जिन्होने विगत वर्ष देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अपने प्राण न्यौछावर किये, उन शहीद जवानों के नाम का वाचन कर उन्हें श्रद्धांजली दी जाती है। उक्त अवधि में कुल 216 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। इस अवधि दौरान छत्तीसगढ से कुल 11 जवान शहीद हुये है, जिनमें जिला बीजापुर में माओवादी घटना में एसटीएफ-02, छसबल-02, केरिपु बल - 01 एवं जिला बल-02 कुल 07 जवान शहीद हुये। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा शहीद जवानों की नामावली वाचन किया गया एवं नामावली वाचन उपरान्त नामावली शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि हेतु रखा गया। शहीदों को सलामी उपरान्त शहीदों की याद में 02 मिनट का मौन धारण किया गया । सलामी उपरान्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचरियों एवं शहीद परिवार द्वारा शहीद स्मारक पर रिथ एवं पुष्प अर्पण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम दौरान जनप्रतिनिधिगण में जिला पंचायत अध्यक्ष बीजापुर श्री शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सेक्टर बीजापुर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर बीजापुर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चन्द्रकांत गवर्ना शहीद परिवार से रूबरू हुये उन्हे सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं साल भेंट किया गया। शहीद परिवार को उनके स्वत्वों के भुगतान के सबंध में जानकारी लिये एवं विश्वास दिलाये की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपनी समस्याओं से अवगत करावे, आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु हरसंभव प्रयास किया जायेगा। शहीद जवानों के बच्चों को छात्रवृति हेतु शासन के योजनाओं के लाभ हेतु सबंधित लिपिक को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र शिक्षा विभाग को भरकर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बीजापुर अन्तर्गत थाना क्षेत्र में निवासरत शहीद जवान जिन स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण किये है उन स्कूलों में शहीद जवानों को श्रद्धांजली गई ।

### जिले के विकासखंडों में मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन

**महासमुंद।** मद्यपान और अन्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जिले के सभी विकासखंडों में विगत 02 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रचार मध्यमों के जरिए अभियान चलाया गया। जिला और समाज कल्याण विभाग द्वारा महात्मा गांधी जयंती पर 30 ग्राम पंचायतों में नवीन भारत माता वाहिनी का गठन किया गया और जनपद स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही आईटीआई सरायपाली, चंद्रपाल डडसेना स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरा सहित अन्य शिक्षण संस्थानों एवं जनपद पंचायतों में नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत, नशामुक्ति के पक्ष में जनसमर्थन बढ़ाने के लिए रैली, संकल्प सभा, शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही फ्लैक्स, होर्डिंग और ब्रोशर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। पालन कर आमदनी ले रहें

## 4 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर दी गई पदोन्नति



**बीजापुर,22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक, अति0 पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को कंधे में स्टार लगाकर, कैप पहनाकर पदोन्नति की बधाई दी गई।पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर में 04 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति मिलने से स्टार सेरेमनी आयोजित कर पदोन्नत किया गया। प्रधान आरक्षक श्यामलाल चन्द्रकार, म0प्रधान आरक्षक कोमलता साहू, प्रधान आरक्षक दिनेश साहू, प्रधान आरक्षक लखनलाल यादव सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए है । कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तुलसीराम लेकाम द्वारा सभी प्रधान आरक्षकों को कंधे में स्टार लगाकार, कैप पहनाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई ।

## राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों की दी गई श्रद्धांजलि



**बीजापुर,22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस÷ के अवसर पर पुलिस के शहीद वीर सपूतों की याद मे 85 बटालियन नयापारा बीजापुर के कमांन्डेन्ट श्री सुनील कुमार राही, श्री बृजेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधि0 एवं बल के सभी उपस्थित कार्मिकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।यह दिन 21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन की एक कम्पनी के 21 जवानों गश्ती दल ने हॉट-स्प्रिंग लददाख में चीनी सेना के एक बहुत बडे दस्ते के आक्रमण को विफल किया तथा मातृभूमि की रक्षा करते हुए हमारे 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुती दी। सी0आर0पी0एफ0 बल के लिए यह गौरव की बात है। इन निर्भीक और पराकर्मी जवानों की याद भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ÷राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस÷ के रूप में मनाया जाने लगा।इस अवसर पर महानिदेशालय से इस वर्ष प्रत्येक राज्यों के पुलिस बल एवं केन्द्रीय सशस्त्र बलों के शहीद हुए जवानों की प्राप्त सूची को स्मरण किया गया एवं उसके उपरांत 02 मिनट का मौन रखा गया।इस अवसर पर श्री बृजेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधि0, डा0 ज्योति प्रकाश शर्मा, डा0 श्वाती जयसवाल एम0ओ0, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं बहादुर जवान उपस्थित रहे।

## नल जल योजना का रखरखाव करेंगी पंचायत: कलेक्टर



**बीजापुर,22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इन्द्रावती सभागार में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सोमवार को ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की। जहां उन्होंने भारत सरकार की हर घर नल जल योजना के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत को रखरखाव की जिम्मेदारी देते हुए नल में पानी की सप्लाई, स्वच्छता एवं सफाई के अलावा सोलर पैनल की मरम्मत संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने जनपद सीईओ सहित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से अवगत कराया। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को जिले में पूर्ण आवासों को दीपावली के पावन पर्व पर गृह प्रवेश कराने निर्देश दिए। साथ ही नये स्वीकृत आवासों के जल्द भूमिपूजन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए।स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रीगेशन शेड व्यक्तिगत शौचालय,शोक पीट, ओडीएफ प्लस ग्राम को लक्ष्य पूर्ण करने निर्देशित किया। इस बैठक में जिला स्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ, सहित ब्लाक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी सहित तकनीकी अमले के अलावा ग्र्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

### अभ्यास स्कूल के बच्चों ने बैंक में असली नोटों की पहचान के साथ सीखा वित्तीय प्रबंधन

**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला के बच्चों ने सोमवार को आईडीबीआई बैंक का ज्ञानवर्धक भ्रमण किया। चौथी और पांचवी कक्षा की छात्र-छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से देखा, और समझा कि बैंक में रुपए-पैसे का प्रबंधन कैसे किया जाता है। खाताधारकों को बैंक से जुड़ाव के क्या फायदे हैं। बैंक पहुंचे बच्चों का स्वागत करते हुए शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि बैंक में खाता कैसे खोला जाता है, जमा और निकासी की प्रक्रिया क्या होती है। असली नोट की पहचान के तरीकों से अवगत होते हुए बच्चों ने वित्तीय प्रबंधन में बचत और खर्च की बारीकियां समझीं। स्कूल की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बैंक भ्रमण से मिली जानकारी को बच्चों के लिए बहुत ही रोचक और उपयोगी बताया। उनका मानना है कि असली और नकली नोट की पहचान के तरीके जानने से बच्चे भविष्य में धोखाधड़ी से बच सकें।

### पटाखा दुकान संचालन को लेकर एडवाइजरी जारी

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** दीपावली त्योहार को देखते हुए जिले में संचालित समस्त स्थायी/अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने से बचाव हेतु अग्निशमन विभाग, रायगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जांच के दौरान उक्त नियमों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

जिला अग्निशमन अधिकारी श्री बी.कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे, कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैम्प गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिश बाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए।

विद्युत तारों में ज्वांइट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलो ग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यन्त्र होना चाहिए इसकी मार का क्षमता 06 फिट की होती हैं। दुकानों के सामने कुछ अन्तराल में 200 लीटर्स क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बल्टियों के साथ होना चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्नि शामक विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नम्बर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्नि शमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 07 से 10 बजे (रस ऑवर) के समय स्टैंडबाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्नि शमन वाहन के मुवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

## जल जीवन मिशन योजना से ग्राम कुपरेल के घर-घर में पहुंचा पानी




**बीजापुर 22 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर कुपरेल ग्राम स्थित है, कुटरू से लगभग 40 कि.मी. दूरी पर ग्राम पंचायत मंडेम है, और इस पंचायत का आश्रित ग्राम कुपरेल है। ग्राम में 32 परिवार निवासरत है, मुख्य रूप से मुरिया जनजाति के लोग इस ग्राम में बसे हुए है। ग्राम में 06 हैण्डपंप संचालित है ग्रामवासियों को इसी हैण्डपंपों के माध्यम से पेजयल प्रदाय हो रहा है और इन ग्रामीणों के मुख्य रूप से आय का स्त्रोत कृषि है, इस ग्राम में 1 स्कूल तथा 1 ऑगनबाड़ी संचालित है। विकासखण्ड भैरमगढ़ के कुपरेल ग्राम में सिंगल विलेज योजना अंतर्गत 2 सोलरों के माध्यम से ग्राम में 32 परिवारों के 143 व्यक्तियों को हर-घर जल प्रदाय किया जा रहा है, ग्राम कुपरेल को ग्रामसभा के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपअभियंता एवं विभागीय कर्मचारी द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया और सरपंच श्री लोकेश्वर ओडसा द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण की घोषणा ग्राम सभा में किया गया। ग्रामवासी सुधरू कोरसा बताते है कि पहले हम हैण्डपंप से पानी लाकर पेयजल की पूर्ति करते थे आज हमें घर पर ही जल जीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय हो रहा है।सुखराम कोरसा बताते है कि पहले हम को स्कूल के सामने हैण्डपंप से पानी लाना पड़ता था घर से हैण्डपंप की दूरी अधिक होने पर पानी लाने मे समय अधिक लगता था। आज हमको सरकार की योजना का लाभ हमारे घर तक पहुँचा है हमको हमारे घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुँच रहा है हम सभी ग्रामवासी घर पर पानी उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन का सदैव आभारी रहेंगे। विभागीय अमला ने बताया कि ग्राम कुपरेल में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में ग्रामवासियों द्वारा पूर्ण रूप मदद प्राप्त हुआ है जिसके माध्यम से जल जीवन मिशन का कार्य आसानी से पूर्ण हो गया।

### पीएम नटवर स्कूल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेश अनुसार कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में पीएमश्री नटवर स्कूल, रायगढ़ में जिले के सभी पीएमश्री स्कूलों के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थी जो विद्यालय स्तर पर चयनित हुए थे, उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल सहित स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला सहायक नोडल अधिकारी पीएम श्री स्कूल आलोक स्वर्णकार ने प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चार प्रकार की विधाओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्या वैभव (ओलंपियाड) जिसके अन्तर्गत क्विज, वाद-विवाद, रचनात्मक कला और खेल जैसी विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थी भाग और नवाचार को बढ़ावा देना है।

## आदर्श विद्यालय में वृहद स्तर पर आयोजित पालक-शिक्षक बैठक में

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 22 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में वृहद स्तर पर पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई।पालक-बालक-शिक्षक समुदाय के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने हेतु शासन सतत प्रयासरत है। बैठक में पालकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराया गया, बच्चों में भविष्य की संभावना का आकलन कर बहुमुखी विकास करने के उद्देश्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मानकों के अनुरूप शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने हेतु पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने की कोशिश की गई।

प्रथम चरण में संकुल स्तरीय मेगा बैठक, संकुल केंद्र छुरा अ एवं ब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई थी। 150 से अधिक पालक की उपस्थिति में बैठक को अपार सफ्लता मिली थी। द्वितीय चरण में विद्यालय स्तर पर आयोजित पेटीएम में पालक, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्यों सहित लगभग 95 सदस्य बैठक में शामिल हुए।बैठक की शुरूआत शिक्षाविद के.आर. सिन्हा, एस.आर. निषाद, बी.एल.तारक, सी.आर. सिन्हा, प्राचार्य एन.सी. साहू, समन्वयक शंकर लाल यदु, प्रधानपाठक एन.आर. ठाकुर, पालक सदस्यगण, बाल संसद के प्रधानमंत्री मोहन ध्रुव, शिक्षा मंत्री आकांक्षा प्रिया ध्रुव द्वारा मां भारती का चरण वंदन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीत एवं भाव नृत्य द्वारा मां भारती का यशगान किया गया।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पिरोते हुए सांस्कृतिक गुलदस्ता भी प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने शासन द्वारा निर्धारित 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया। पालकों का अभिमत भी सुना। शाला के विकास हेतु विविध रचनात्मक कार्यों की रूपरेखा भी बनाई गई। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु सुझाव लिया गया।

आगामी दिनों में मातृ सम्मेलन, आनंद मेला, सांस्कृतिक उत्सव की भी कार्ययोजना बनाई गई। संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने गौरव गरियाबंद अंतर्गत आयोजित तिमाही परीक्षा का परिणाम विस्तार से बताया। प्रत्येक सेक्शन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक (मक्खु) दीक्षित, यशपेंद्र शाह, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, वरिष्ठ व्यवसायी रमेश शर्मा, पार्षद हरीश यादव, पंचराम टंडन एवं नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित होकर विद्यालयीन गतिविधियों की प्रशंसा किए। दूरदराज से बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति ने बैठक को सफ्ल बनाया। वरिष्ठ शिक्षक एम.एल. सेन, शिक्षिका शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, मानसिंग मारकंडे, हेमलाल साहू, सबीना नाज, शिवेंद्र ध्रुव, उमेश कुमार ढीढी, सुशील कुमार पांडे, चंद्रभूषण निषाद, तरुण कुमार साहू, छात्र अध्यापिकागण एवं बड़ी संख्या में पालक सदस्य उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### आदर्श विद्यालय ने शहीद राजेश ध्रुव को अर्पित की श्रद्धांजलि



**छुरा, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय ने अपने वीर सपूत राजेश कुमार ध्रुव की शहादत को नमन किया। वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने अपने प्रिय छात्र राजेश कुमार ध्रुव के बारे में बच्चों को बताया कि ग्राम रवेली निवासी नोहरू राम ध्रुव के सुपुत्र राजेश कुमार ध्रुव का जन्म 27 अगस्त 1994 को हुआ। प्राथमिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक शाला में ग्रहण किया। हमारे विद्यालय में पूर्व माध्यमिक स्तर की पढ़ाई किया। शहीद राजेश कुमार ध्रुव, बेहद शालीन, अनुशासनप्रिय, मेहनती, दृढ़ निष्ठावान, मेधावी छात्र था। सदैव देश धर्म की बातें करता था। विज्ञान विषय में विशेष रूचि थी। बाल्यकाल से ही देश सेवा में समर्पित रहने का प्रण कर चुका था। शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत कोबरा 209 बटालियन सीआरपीएफमें आरक्षक के पद पर चयनित होकर झारखंड राज्य में पदस्थ रहे। दिनांक 28 सितम्बर 2023 को कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। मातृभूमि की सेवा करते हुए शहीद हुए राजेश कुमार ध्रुव को विद्यालय परिवार द्वारा नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीद राजेश कुमार ध्रुव के जयघोष से पूरा विद्यालय गूंज उठा। अपने लाडले वीर सपूत की शहादत को नमन करने प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, तरुण कुमार साहू, शिक्षिका शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, छात्र अध्यापिका सुनंदा भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस सहायता केंद्र हिरमी का उद्घाटन




**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** ग्राम हिरमी, सुहेला थाना क्षेत्र के सबसे बड़े ग्रामों की श्रेणी में आता है। साथ ही यहां अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र भी स्थापित है, जिसमें स्थानीय एवं दीगर राज्यों से काफी संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं। इसके साथ ही या ग्राम हिरमी व्यापारिक दृष्टिकोण से भी क्षेत्र में एक प्रमुख ग्राम की श्रेणी में आता है। स्थानीय क्षेत्र वासियों द्वारा भी काफी समय से हिरमी में पुलिस सहायता केंद्र खोले जाने की बात प्रकाश में लाई जा रही थी। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए, अपराध में नियंत्रण तथा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ग्राम हिरमी में आज दिनांक 20-10-2024 को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सहायता केंद्र हिरमी का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सहायता केंद्र में विधिवत रोजनामचा लेखन कार्य प्रारंभ कर पुलिस सहायता केंद्र हिरमी का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया।

- पुलिस अधीक्षक ने रोजनामचा लेखकर, विधिवत पुलिस सहायता केन्द्र हिरमी का संचालन किया प्रारंभ
- अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिरमी में स्थापित किया गया पुलिस सहायता केंद्र
- पुलिस सहायता केंद्र हिरमी में ग्राम कुथरौद, हिरमी, बरडीह मोहरा, पेन्डरी आदि सहित कुल 14 ग्रामों को किया गया है समाहित
- पुलिस सहायता केंद्र हिरमी में सउनि कमलेश्वर ठाकुर को प्रभारी बनाते हुए एक प्रधान आरक्षक, 4 आरक्षक सहित कुल 6 पुलिस स्टाफ की गई है तैनाती

पुलिस सहायता केंद्र में सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर प्रसाद ठाकुर को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, साथ ही प्रधान आरक्षक संत कुमार बिंझवार, 04 आरक्षक सहित कुल 06 पुलिस स्टाफ की तैनाती पुलिस सहायता केंद्र हिरमी में की गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस सहायता केंद्र हिरमी में ग्राम कुथरौद, हिरमी, बरड़ीह, मोहरा, सकलोर, भालेसुर, फुण्डहरडीह, सेम्हराडीह, पत्थरचुवा, रेंगाडीह, भोथाडीह, परसवानी, कसहीडीह एवं पेण्ड्री को समाहित किया गया है। विदित हो कि पूर्व में लगभग 12 वर्ष पहले ग्राम हिरमी में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया गया था, किंतु उसमें स्थाई पुलिस स्टाफकी तैनाती नहीं की गई थी।

## एक नजर

### भारतीय शूटर एवं ओलम्पिक विजेता मनु भाकर पहुंची बारनवापारा अभयारण्य



**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय शूटर एवं एक ओलम्पिक में दो -दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली ओलम्पिक विजेता सुश्री मनु भाकर रविवार को प्रसिद्ध बारनावापारा अभयरण्य पहुंची। उन्होंने परिवार संग वन भ्रमण और सफारी का लुत्फ़ उठाया। बारनावापारा अभयारण्य के घने जंगल एवं स्वच्छन्द विचरण करते हुए वन्य जीवों ने उन्हें खूब भाया। उन्होंने अभयारण्य भ्रमण को अब तक की सबसे अच्छा अनुभूति बताते हुए विजिटिंग रजिस्टर दर्ज में किया। अभयारण्य में वनों का संरक्षण, साफ-सफाई, संतुलित पारिस्थितिक तंत्र तथा वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो को सराहा। गौरतलब है कि सुश्री मनु भाकर 27 वीं अखिल भारतीय वन खेल खुद प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंची हैं। रायपुर से रविवार को बारनावापारा अभयारण्य भ्रमण क़ा आनंद लिया। सुश्री भाकर पेरिस ओलम्पिक 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा और 10 मीटर मिक्सड डबल्स में कांस्य पदक जीता है। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त राजू अगसिमनी, डीएफ्ओ बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, अधीक्षक बार नावापारा अभयारण्य आनंद कुदरया, परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहु, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, गोपाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होटलों एवं ढाबों में दी दबिश



**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिले के उपभोक्ताओं को मिलावटी खाद्य पदार्थो के सेवन से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों व ढाबों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा नगर पंचायत लवन में होटल, ढाबा रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में रविवार को दबिश दी गई। 13 प्रतिष्ठानों से कुल 72 सैंपल लिए गए जिसमें से 2 नमूने में अखाद्य रंग पाया गया जिसे मौक़े पर ही नष्ट किया गया वहीं खाद्य पंजीयन नहीं होने और उचित साफ सफाई के अभाव के करण 3 को नोटिस जारी किया गया।

- 13 प्रतिष्ठानों से लिए गए 72 सैम्पल, चाट भण्डार का चटनी मिला अवमानक, मौक़े पर ही किया गया नष्ट, 3 को नोटिस जारी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि लवन नगर पंचायत में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से 13 प्रतिष्ठानों से कुल 72 खाद्य पदार्थों जांच किया गया जिसमें वर्मा होटल, नरेंद्र होटल, वर्मा जी इडली -दोसा, जय महाकाल होटल, छत्तीसगढ़ ढाबा एवं भोजनालय, दिव्या स्वीटस एंड होटल, हैदराबादी बिरयानी, कबीर होटल, यादव होटल, महामाया चाट भंडार, हिमालया होटल, कृष्णा स्वीट्स एवं छत्तीसगढ़ बेकरी शामिल हैं। महामाया चाट भंडार के आलू मसाला एवं मीठा चटनी के सैंपल में अखाद्य रंग पाए गए जिससे आलू मसाला 2 किलोग्राम और मीठा चटनी 2 लीटर को नष्ट कराया गया। मोके पर खाद्य पंजीयन नहीं पाए जाने व उचित साफ सफाई नहीं होने पर हैदराबादी बिरयानी, वर्मा जी इडली दोसा एवं दिव्या स्वीट्स एंड होटल को नोटिस जारी किया गया।

## पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

# शहीद पुलिस कर्मियों को शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं पुलिस बल के अधिकारी,कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

- विभिन्न नक्सल अभियानों में जिले से पुलिस अधिकारी कर्मचारी बहादुरी एवं साहस से लड़ते हुए हैं, वीरगति को प्राप्त
- इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर, छात्र-छात्राओं को उनके शहादत के बारे में बताया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में शहीदों का सम्मान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीद पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा जिले के जिन स्कूल, कॉलेज में शिक्षा ग्रहण किया गया है, उन स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीद पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा वीरता का परिचय देते हुए बहादुरी पूर्वक दुश्मनों से लड़ते हुए देश के नाम पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं पुलिस स्टाफ द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। साथ ही शहीदों का जीवन परिचय एवं उनके शहादत के बारे में स्कूल के छात्र-छात्राओं को बताया गया।

विभिन्न नक्सल अभियानों में जिले से उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, आरक्षक हीरालाल गायकवाड, आरक्षक संतराम साहू, आरक्षक धनंजय वर्मा, आरक्षक संतोष ध्रुव, आरक्षक मिथिलेश कुमार साहू एवं आरक्षक टेकराम वर्मा कुल 08 पुलिस अधिकारी कर्मचारी शहीद हुए हैं।

अमर शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा युगल किशोर वर्मा पलारी के रहने वाले थे, जिन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक विद्यालय पलारी से ग्रहण किया। अमर शहीद आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे- हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे मिशन परसाभदेर थाना सिटी कोतवाली के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी पूरी शिक्षा जिला सरगुजा स्थित विभिन्न विद्यालयों से पूर्ण की। अमर शहीद आरक्षक हीरालाल गायकवाड- हीरालाल गायकवाड ग्राम लच्छनपुर चौकी करहीबाजार के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी शिक्षा शासकीय पूर्व माध्यमिक करहीबाजार एवं शासकीय हाई स्कूल मोपका से ग्रहण किया।

आज दोनों शाला प्रबंधन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा अमर शहीद हीरालाल गायकवाड को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। अमर शहीद आरक्षक संतराम साहू- संतराम साहू कबीर वार्ड कसडोल थाना कसडोल के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी शिक्षा शासकीय दौलत राम शर्मा महाविद्यालय कसडोल से पूर्ण की। आज संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राओं द्वारा साथी शहीद स्मारक कसडोल में अमर शहीद संतराम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। अमर शहीद आरक्षक धनंजय वर्मा- धनंजय वर्मा ग्राम टोनाटार थाना भाटापारा ग्रामीण के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी से पूर्ण की।

आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शाला परिवार ग्राम अर्जुनी द्वारा अमर शहीद धनंजय वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। अमर शहीद आरक्षक संतोष ध्रुव - संतोष ध्रुव ग्राम अमलीडीह कडार थाना भाटापारा ग्रामीण के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी शिक्षा पूर्व माध्यमिक शाला दतरेंगी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगारपुर से ग्रहण किया। आज दोनों विद्यालय परिवार द्वारा अमर शहीद संतोष ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अमर शहीद आरक्षक मिथिलेश कुमार साहू- मिथिलेश कुमार साहू ग्राम नयापारा थाना हथबंद के रहने वाले थे, उन्होंने अपनी शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा से ग्रहण किया।

आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा अमर शहीद मिथिलेश कुमार साहू को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका सम्मान किया गया। अमर शहीद आरक्षक टेकराम वर्मा - टेकराम वर्मा सीआरपीएफ कंपनी जिला बीजापुर में पदस्थ थे तथा वह ग्राम करेली थाना हथबंद के रहने वाले थे। उन्होंने भी अपनी शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा से ग्रहण किया। आज संपूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा अमर शहीद आरक्षक टेकराम वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका सम्मान किया गया।

# 8 प्रधान आरक्षक पदोन्नत होकर बने सहायक उप निरीक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** 20 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय में 08 प्रधान आरक्षकों के सहायक उप निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान आरक्षक महेंद्र जोगी, पूरन लाल जाफ्रे, अग्नि कुमार प्रधान, राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, रमेश कुमार मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह ध्रुव, परमानंद गिलहरे एवं कुलमणी बारिक सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रधान आरक्षकों के कंधे पर एक स्टार लगाकर एवं कैप पहना कर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई।

वर्तमान में सहायक उप निरीक्षक महेंद्र जोगी पुलिस चौकी सोनाखान, पूरनलाल जाफ्रे एवं राजेंद्र कुमार त्रिपाठी यातायात शाखा भाटापारा, अग्नि कुमार प्रधान थाना कसडोल, रमेश कुमार मिश्रा पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, शत्रुघ्न सिन्हा भाटापारा ग्रामीण, परमानंद गिलहरे रक्षित केंद्र एवं कुलमणी बारिक भाटापारा शहर में पदस्थ है। इस दौरान कार्यक्रम में समस्त पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



- एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी जल्द होगी दूर, अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर जताई संतुष्टि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शनिवार को जिला प्रवास अंतर्गत कसडोल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहीद संतराम साहु स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंनेअस्पताल में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी को जल्द दूर करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डीएमएफ मद से भर्ती करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, ओपीडी, आईपीडी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, डेंटल, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, ट्रामा सेन्टर, ऑफिस, एनआरसी का निरीक्षण किया एवं वार्ड में भर्ती मरीजों से हाल- चाल जाना। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई एवं मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ को सेवा भावना से मरीजों की बेहतर देखभाल करने कहा। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 200 ओपीडी, 35 आईपीडी, हर माह 55 डिलीवरी, प्रतिदिन 350 जाँच, प्रतिदिन 35 दंत रोग उपचार, प्रतिदिन 25 फिजियोथिरेपी की जा रही है। अस्पताल में 3 विशेषज्ञ चिकित्सक, 5 चिकित्सा अधिकारी सहित कुल 54 अधिकारी -कर्मचारी पदस्थ हैं।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202409142400004/ अ-2/2023-24

साकिन:-सिरसिदा, प.ह.नं. -11

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कैलाश कुमार पिता मोतीलाल जाति सिन्धी, निवासी ग्राम दरगहन तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम सिरसिदा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 333/2 रकबा 0.04 हेक्ट. को औद्योगिक प्रयोजन (दोना पत्तल) हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 24.10.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 03.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202409142400003/ अ-2/2023-24

साकिन:-सिरसिदा, प.ह.नं. -11

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपक कुमार पिता मोतीलाल जाति सिन्धी, निवासी ग्राम दरगहन तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम सिरसिदा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 335/11, 333/4 रकबा 0.004, 0.04 हेक्ट. को औद्योगिक प्रयोजन (दोना पत्तल) हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 24.10.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 03.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**शपथ पत्र**

मैं स्वप्निल देवांगन पिता कृष्णकुमार देवांगन निवासी-291/31 महीमा विहार सुंदर नगर रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं-

मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।

मेरी पुत्री-रिया देवांगन का हमने नाम परिवर्तन कर सायशा देवांगन रख दिया है, वर्तमान में मेरी पुत्री-सायशा देवांगन के नाम से जानी व पहचानी जाती है। यह कि मेरी पुत्री का नाम पूर्व में रिया देवांगन था जो कि यह नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्रमांक-2016-01-017262 पंजीयन की तिथि 22/07/2016 में दर्ज है।

वर्तमान में पुत्री का नाम परिवर्तन कर सायशा देवांगन कर दिया गया है। अतः पुत्री को सायशा देवांगन के नाम से लिखा, पढ़ा जावें, जाना पहचाना जावे। जिसके लिए यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 04 तक वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सही है। अतः आज 07.03.2024 को शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

कृष्ण कुमार देवांगन

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410092200007**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी- राजस्व
सन:- 2024-2025

बोरतलाव प ह न. (00027),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-लक्ष्मी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक लक्ष्मी पिता श्याम लाल जाति महार सा बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बोरतलाब प.ह.न. 27 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 170 में ख.न. 526/1 रकबा 0.0080 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.0080 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में लक्ष्मी पिता श्याम लाल, वन्दना पिता श्यामलाल, राधाबाई पति श्यामलाल, ना. बा. प्रांजल (नाबालिग) पिता उमाकांत पालक सुनीता बाई, सुनीता पति उमाकांत सभी जाति महार सभी सा. बोरतलाब के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना बोरतलाब में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.10.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

## एक नजर

### स्तन कैंसर जागरूकता शिविर 24 को भी

**रायपुर 22 अक्टूबर।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि अक्टूबर महीने को अंतर्राष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ चेंबर महिला विंग एवं नारायण स्वास्थ्य एमएमआई अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आज पार्षद कार्यालय, हनुमान मंदिर चौबे कॉलोनी में शुरूआत की गई। 24 अक्टूबर को जोशी होम्योपैथिक क्लिनिक अनुपम नगर में सुबह 11:00 से शाम 4:00 बजे तक निःशुल्क स्तन जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रीमती मधु अरोरा ने आगे बताया कि उक्त जांच शिविर में निरामई मशीन द्वारा निःशुल्क मैमोग्राफी, शुगर जांच एवं रक्तचाप जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### मरते दम तक जनता का ऋण नहीं चुका सकता : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। एकात्म परिसर में आयोजित इस बैठक में बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, यह उपचुनाव हमारी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से परिश्रम की पराकाष्ठा करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर से अपनी पूरी ताकत के साथ उपचुनाव में पार्टी को जिताने के संकल्प के साथ उतरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, दक्षिण के सम्मानित कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के प्यार, स्नेह और आशीर्वाद ने उन्हें 8 बार विधानसभा और नौवीं बार लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई। जिसके लिए मैं दक्षिण की जनता का ऋणी हूं, जब तक जिंदा रहूंगा तब तक क्षेत्र की जनता के काम आऊंगा।

### यात्रियों का पर्स चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** लाखेनगर ढाल के पास ऑटो रिक्सा सवार महिला का पर्स को दो महिलाओं ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिता देवांगन 56 वर्ष अश्वनी नगर आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह बुढ़ेश्वर चौक के पास ऑटो रिक्सा में सवार होकर घर जा रही थी। तभी रिक्सा में सवार दो महिला ने उसके पर्स से 5 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला हीरा बाई खन्ना गायकवाड़ 40 वर्ष व केशर कैलाश लोढ़े 45 वर्ष को हिरासत में लिया है।

### फर्जी दस्तावेज के माध्यम से 20 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** 130 एकड़ भूमि बिक्री का सौदा कर फर्जी दस्तावेज के माध्यम से 20 लाख से अधिक रकम लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संकेत अग्रवाल 39 वर्ष अशोका मिलेनियम न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हर्ष सुराना, दीपक कुमार, भवानी शंकर व मोहित यादव ने प्रार्थी को अकलतरा में 130 एकड़ भूमि बिक्री करने का सौदा कर जमीन का फर्जी रजिस्ट्री पेपर दखिाकर 20 लाख 19 हजार 998 रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मलसाय तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कमलेश सोनकर 34 वर्ष, देवेन्द्र सोनकर 34 वर्ष सन्नी कुमार साहू 19 वर्ष को सरेआम शराब पीते गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी दशरत निहाल 36 वर्ष, अभनपुर पुलिस ने आारोपी अनिल बंजारे 32 वर्ष व नेवरा पुलिस ने आरोपी अमित जांगड़े 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### पेंशन और वेतन दीपावली से पहले देने की मांग

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से प्रदेश के पेंशनरों को उनके अक्टूबर 2024 का पेंशन दीपावली के पहले देने की मांग की है। श्री नामदेव ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उनसे यह भी आग्रह किया है कि कार्यरत कर्मचारियों को भी अक्टूबर माह का वेतन दीपावली के पहले दिया जाए, ताकि पेंशनर्स और शासकीय कर्मचारी अपने परिवारजनों के साथ मिलकर दीपावली मना सकें।

### गोदाम से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** कविलाश नगर भनपुरी स्थित गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील गुप्ता 28 वर्ष कविलाश नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके गोदाम का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चादर, तकिया कव्हर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# आकाश शर्मा के नाम पर कांग्रेस आलाकमान सहमत, घोषणा बाकी

## अधिकृत घोषणा 23 अक्टूबर को किए जाने की चर्चा

**25 को नामांकन पत्र भरने की तैयारी**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस हाईकमान ने आकाश शर्मा के नाम को हरी झंडी प्रदान कर दी है। इसकी घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। युवा नेता आकाश शर्मा 25 अक्टूबर को नामांकन भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को चुनाव जीताने के लिए बैठकों का दौर जारी है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के दलीय प्रत्याशी के रूप में आकाश शर्मा और प्रमोद दुबे के नाम हाईकमान को भेजे गए हैं। बताया जाता है कि हाईकमान ने कार्यसमिति की बैठक में आकाश शर्मा के नाम को हरी झंडी दे दी है। इसकी अधिकृत घोषणा 23 अक्टूबर को कर दी जाएगी। समझा जाता है कि कांग्रेस प्रत्याशी 25 अक्टूबर को अपना नामांकन भरेंगे। आकाश शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी के दामाद हैं। शर्मा पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भी पसंद हैं, चरणदास



महंत ने भी उनके नाम पर सहमति व्यक्त की है। वे युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। युवा कांग्रेस में उनकी काफी लोकप्रियता है। आकाश शर्मा के समर्थकों ने टिकिट मिलने के बाद उनके भव्य स्वागत की तैयारी कर रखी है। भव्य जुलूस के साथ वे नामांकन पत्र भरने जाएंगे।

### भाजपा में बैठकों का दौर

भाजपा में बैठकों का दौर जारी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अनुसार भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला इकाई की बैठक चल रही है। इस समय रायपुर दक्षिण के विभिन्न वार्डों के युवा नेताओं, पार्षदों, मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को काम पर लगाया जा रहा है। चुनाव की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। कैलाशपुरी स्थित तत्पर कार्यालय मुख्य चुनाव केंद्र होगा। यहां से प्रचार सामग्री सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। मतदाता पर्ची बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। दक्षिण विधानसभा में मतदाता पर्ची बनाने का काम फिलहाल रोक दिया गया है।

### पर्यवेक्षक, सामान्य प्रेक्षक शीघ्र आएंगे

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक नियुक्त कर दिया गया है। वहीं सुरक्षा प्रेक्षक भी शीघ्र आने वाले हैं। व्यय प्रेक्षक ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छंटाई का कार्य पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके पश्चात नामवापसी की 30 अक्टूबर तक होगी। अभ्यर्थियों को अपने आय-व्यय का ब्यौरा व्यय प्रेक्षक को देना होगा। इसके लिए आयकर अधिकारी की नियुक्ति की गई है। सुरक्षा प्रेक्षक के रूप में भी एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आ रहे हैं। वे दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वाहनों के परीक्षण, रैली, सभा तथा अन्य स्थितियों की जानकारी लेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को भी 27 अक्टूर से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# 15 रेलवे स्टेशनों का हो रहा कायाकल्प

**रायपुर 22 अक्टूबर।** भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है । रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु ÷अमृत भारत स्टेशन÷ योजना के अंतर्गत स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है । (1) भाटापारा, (2) भिलाई पावर हाउस, (3) तिल्दा-नेवरा, (4) बिल्हा, (5) भिलाई, (6) बालोद, (7) दल्ली राजहरा, (8) भानुप्रतापपुर, (9) हथबंद, (10) सरोना, (11) मरोदा, (12) मंदिर हसौद, (13) उरकुरा, (14) निपनिया, (15) भिलाई नगर, रिडेवलपमेंट ऑफ मेजर स्टेशन में (1) रायपुर, (02) दुर्ग स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। मेजर रिडेवलपमेंट किया जा रहा हैं। दुर्ग स्टेशन का मेजर री डेवलपमेंट लगभग 440.85 करोड़ है। इन योजनाओ का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी



काम करना है । चरणबद्ध तरीके से इन कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य का दुर्ग जिला औद्योगिक विकास, सांस्कृतिक विविधता को लिए औद्योगिक जिला है। देश के विभिन्न भागों से लोगों का आवागमन होता है। इसी को ध्यान में रखकर दुर्ग रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है । रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

दुर्ग स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ ,17 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीनतू प्लेटफार्म सरफेस, 1050 किलोवाट पावर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 24 कोच इंडिकेशन बोर्ड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवर ब्रिज, 160 वाटर कूलर, 49 लिफ्ट, 16826 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 06 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 21 एस्केलेटर लगाए जाने हैं। बेहतरीन पार्किंग व्यवस्था, कोनकोर्स एरिया होगा दुर्ग स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से उन्नत होगा वर्तमान समय में दुर्ग स्टेशन पर लगभग 40 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधा उन्नत की जा रही है। ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे ।

### शराब व जुआ के खिलाफ बड़गांव में होगी मुनादी

**रायपुर 22 अक्टूबर ।** बड़गांव में शराब की अवैध बिक्री व हो रहे जुआ के खिलाफ बढ़ते आक्रोश व आसपास के ग्रामों में हो रहे किरकिरी को देखते हुये पंचायत ने इसके खिलाफ कार्यवाही का मन बना लिया है । इस पर रोक को ले ग्रामीण व्यवस्था के तहत मुनादी कराने के साथ - साथ पुलिसिया ?कार्यवाही हेतु मंदिर हसौद थाना प्रभारी सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जावेगा । आरंग जनपद पंचायत के अध्यक्ष रहे बड़गांव निवासी मुरारी यादव व वर्तमान में इस पंचायत के सरपंच श्री यादव की पत्नी रामबाई यादव व सरपंच प्रतिनिधि गजानंद यादव ने क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा से चर्चा पश्चात ग्रामहित में यह निर्णय लिया है । ज्ञातव्य हो कि समय-समय पर बड़गांव में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही होने के बाद भी इसमें लिप्त तत्वों के हौसले टूटे नहीं है और ग्रामवासियों के अनुसार पुलिसिया रिकार्डधारी कोचियों के साथ-साथ कतिपय और विघ्नसंतोषी तत्वों ने देखादेखी शराब बेचना शुरू कर दिया है व इनकी संख्या लगभग 7-8 के आसपास है इनमें से कतिपय तो बाजार चौक में व कुछ दोपहिया वाहनों में घूम -घूम कर बेचते हैं । वहीं जुआ भी होने से ग्राम का ?माहौल खराब बना रहता है ।

# उपचुनाव नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगा: बृजमोहन

**रायपुर 22 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में आज दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये पश्चात प्रथम महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। बैठक में रायपुर दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाये जाने पर उनका उत्साह के साथ गजमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संयोजक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, संयोजक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने भी श्री सोनी को प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मैं रायपुर दक्षिण की कार्यकर्ताओं का कर्जदार हूं जिन्होंने मुझे आठ बार विधानसभा चुनाव में जिताकर मुझे विधायक बनाया। रायपुर दक्षिण मेरा घर है। अब जनता की सेवा करने के लिए एक और विधायक सुनील सोनी के रूप में चुनना है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भविष्य में होने वाले नगर निगम और पंचायत चुनाव के लिए संजीवनी साबित होगी। उन्होंने कहा कि रिकार्ड टूटने के लिए बनते हैं। सब लोग मिलकर इसे संभव बनाना है। प्रत्याशी तो प्रतीक है कार्यकर्ता भाजपा व कमल फूल के सम्मान के लिए चुनाव में कार्य करते है। उन्होंने कहा कि आप सभी चारों विधानसभा के कार्यकर्ता पदाधिकारी जब एक साथ चुनावी समर में उतरेंगे तो विरोधियों के सारे समीकरण मटियामेट हो जायेंगे और पुनः दक्षिण विधानसभा को रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। 23 अक्टूबर को रैली निकालकर हम सभी हमारे प्रत्याशी सुनील सोनी के साथ नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे और 26 अक्टूबर को कार्यालय उद्घाटन और दक्षिण विधानसभा सम्मेलन होगा। सम्मेलन इतना भव्य हो की विपक्षियों को यह समझ आ जाए की अबकी बार जमानत बचा पाना भी मुश्किल होगा।

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में जीत का वातावरण राजधानी से तय होता है। इस बार हमें जीतना ही नही बल्कि रिकार्ड बना कर जीतना हासिल करना है। उन्होंने कहा कि लगातार 8 बार के विधायक रहे बृजमोहन अग्रवाल जी के सांसद बनने बाद इस बार चुनाव में भाजपा ने सुनील सोनी को अपना प्रत्याशी बनाया है और इस बार हमें रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करनी है। रायपुर ने ही प्रदेश में सरकार बनाने की अहम भूमिका बनाई कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ विरोध का जबरजस्त माहौल पूरे प्रदेश में रायपुर से ही बना और हम छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सड़क पर लाने में कामयाब रहे।

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि यह केवल रायपुर दक्षिण का चुनाव नहीं है बल्कि रायपुर के सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का संकल्प का चुनाव है। इस चुनाव के बीच सभी महत्वपूर्ण त्यौहार है उसके बाद भी पूर्ण विश्वास है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत से जनता भाजपा को रिकार्ड मतो से विजियी बनाएंगे।

रायपुर पश्चिम विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि पार्टी ने जो बड़ी जिमेदारी हम सब को सौंपी है। उसे सफल बनाना है। हमें इस चुनाव में पूरी मेहनत करनी है और विजयश्री हासिल करने तक हमें रूकना नहीं है। इस चुनाव में जीत हमारी ही होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं राजधानी रायपुर को कांग्रेस ने 5 वर्ष में बर्बाद करके रख दिया। कांग्रेस की सत्ता और निगम में महापौर होने के बावजूद एक काम किया है ऐसा बोलने का माद्दा कांग्रेस में नही है।

# गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर कोर्ट में किया पेश

**रायपुर 22 अक्टूबर ।** गैंगस्टर अमन साहू को कोर्ट में पेश करने के लिए पुलिस टीम जेल पहुंची, जहां से कड़ी सुरक्षा इंतजामों के बीच कोर्ट में अमन साव को पेश किया गया है। तेलीबांधा थाना पुलिस 5 दिन का पुलिस रिमांड आवेदन पेश कर सकती है। दरअसल तेलीबांधा थाना क्षेत्र में हुए गोली कांड को लेकर तेलीबांधा पुलिस अमन से पूछताछ करना चाहती है जिसके लिए पुलिस हिरासत की मांग करेगी। कोर्ट ने जेल को प्रोडेक्शन वारंट जारी कर आज कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच गैंगस्टर अमन साहू को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लेकर टीम रायपुर



कोर्ट पहुंची है। कोर्ट में पुलिस की ओर से रिमांड लेने को लेकर आवेदन भी पेश किया गया है। जहां रिमांड लेने को लेकर सुनवाई होगी। रायपुर पुलिस को इनपुट मिला है कि जेल से ऑपरेट बंद के मुताबिक,जेल से ही गैंगस्टर अमन सोशल मीडिया ऐप के जरिए अपने गुर्गों को डायरेक्शन देता है। अमन पर झारखंड की जेल में बैठकर रायपुर के कारोबारियों पर भी गोली चलवाने का आरोप है। इसी मामले में पुलिस अमन से पूछताछ करना चाहती है 40 पुलिसकर्मियों की टीम अमन साव को झारखंड से प्रोडक्शन वारंट पर 14 अक्टूबर को रायपुर लेकर आई थी। कारोबारी प्रह्लाद राय अग्रवाल की कार पर फायरिंग केस में अमन साव मुख्य आरोपी है। 13 जुलाई को अमन के गुर्गों ने फायरिंग की थी। इस गोलीकांड में गैंगस्टर अमन साहू के अलावा लॉरेंस बिश्नोई का नाम भी सामने आया था।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** नौरंग चौक के पास घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुरूचरण ध्रुव 34 वर्ष नौरंग चौक के पास बोरियाखुर्द का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएन 3307 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मेट्रो ग्रीन सोसाइटी में आनंद मेला का आयोजन



**रायपुर 22 अक्टूबर।** मेट्रो ग्रीन सोसाइटी में आनंद मेला का आयोजन किया गया। यह जानकारी आद्या ऊर्जा समूह की महिलाओं ने दी। उन्होंने आस्था और भक्ति के चातुर्मास नामक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किए । जिसमें देव शयनी एकादशी से देव उठनी एकादशी तक के समस्त त्योहारों को प्रस्तुत किया गया। इस तरह की प्रस्तुति सर्वथा नवीन और मौलिक थी। इस नृत्य नाटिका की लेखिका श्रीमती सावी दीवान थी जिन्होंने निर्देशन प्रस्तुतिकरण मंच संचालन और कुछ कलाकारों की साज सज्जा तक की। साथी महिलाओं ने भी सभी देवी देवताओं की भूमिकाओं को जीवंत कर दिया। रुचि रघुवंशी, कौशल्या नायक, एकता सोनी,श्वेता शाह, कंचन जायसवाल, निवेदिता श्रीवास्तव, मंजूषा,लता खुशबू, अनीता, जया, अनामिका, प्रिया, रीना, सुनीता,एवं सविता,पूनम उमा,निशा आदि महिलाओं और बहुत सारे बालक बालिकाओं ने चातुर्मास के सभी पर्वों की जीवंत प्रस्तुति दी। सभी सोसाइटी वासियों ने मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम का आनंद लिया।

# धान खरीदी समितियों के आपरेटरों की हड़ताल जारी

**वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर वित्त मंत्री निवास के सामने धरना**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** धान खरीदी आगामी नवम्बर माह से शुरू होने वाली है। इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कम्प्यूटर आपरेटरों ने वेतनमान और नियमितिकरण की मांग को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास के सामने आज दूसरे दिन भी धरना दिया।

शंकर नगर स्थिति वित्त मंत्री के आवास के बाजू डीआईजी बंगला है। आज आपरेटरों द्वारा हड़ताल एवं नारेबाजी करने के कारण यहां पर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। राज्य में करीब 2025 सहकारी समितियां हैं जहां पर धान खरीदी की जाएगी।




सरकार द्वारा इस वर्ष एक लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी का लक्ष्य है। वर्तमान में सहकारी समितियों में धान खरीदी के लिए केन्द्र भी बदले जा रहे हैं। वहीं भंडारण केंद्रों को भी आवश्यकतानुसार बदला जा रहा है। धान खरीदी के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेज जैसे ऋण पुस्तिका, कम्प्यूटर की पर्ची एवं कृषि रकबा का प्रमाण पत्र देना होता है। कुल खेती योग्य जमीन के आधार पर ही धान की खरीदी की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन सर्वर डाउन होने के कारण धान खरीदी में काफी समस्याएं आती है। बावजूद इसके कम्प्यूटर आपरेटर धान खरीदी केंद्रों में ईमानदारीपूर्वक काम करते हैं। सुबह से शाम तक धान की छल्ली लगाने का कार्य किसान करते हैं जिसकी गणना भी आपरेटर द्वारा की जाती है। पिछले कई वर्षों से कम्प्यूटर आपरेटर एवं संग्रहण केंद्रों में काम करने वाले अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं।

राज्य शासन द्वारा धान खरीदी का कार्य खाद्य विभाग को दिया गया है। नोडल एजेंसी मार्कफेड है। धान खरीदी का भुगतान खाद्य विभाग के माध्यम से किया जाता है जबकि धान संग्रहण का कार्य सहकारी समितियों के द्वारा किया जाता है। यह कार्य जिलाधीश के निर्देशन में होता है। धान का सूतक पड़ने पर समितियों को ही उत्तरदायी ठहराया जाता है जिसके चलते सहकारी समितियों के अधिकारी-कर्मचारियों को कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है।

# निकाय चुनाव : वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर को

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत- नगरीय निकायों के का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। अब अटकलें लगाई जा रही है कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए तारीख कब तक तय हो सकती है । अब तक जो संकेत मिल रहे हैं उसके अनुसार मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर को होगा। चुनाव की तारीखों का अटकल लगाने वाले मानकर चल रहे हैं कि चुनाव की तारीख मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद हो सकती है। छत्तीसगढ़ में इस बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ करने की चर्चा है। इधर आने वाले महीनों में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। जाहिर सी बात है कि कार्यकाल पूरा होते-होते चुनाव कराए जाएंगे। लिहाजा लोगों को नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों के ऐलान का इंतजार है। इसे लेकर अटकलें भी लगाई जा रही हैं। इधर जिस तरह से नगर पालिका निर्वाचन नामावाली पुनरीक्षण कार्यक्रम तिथि में संशोधन किया गया है। उसके मुताबिक राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्त करने की आखिरी तारीख 23 अक्टूबर से एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26